# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




धनबाद में नीट परीक्षा को लेकर सुरक्षा में तैनात जवान


• बोकारो, सोमवार 22 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 36 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


प्रधानमंत्री ने कोलकाता के रेड रोड पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम को किया लीड

## दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए भी योग जरूरी : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता के रेड रोड पर 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम को लीड किया। साथ ही वेलनेस और हेल्दी लिविंग पर केंद्रित इस ग्लोबल इवेंट को मनाने में हिस्सा लेने वालों के साथ शामिल हुए। अंततराष्ट्रीय योग दिवस का 12वां एडिशन रविवार को पूरे देश और दुनिया भर में 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम के तहत मनाया जा रहा है। ये जीवन के सभी अवस्था में हेल्दी और एक्टिव लाइफ को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर जोर देता है। इस साल की थीम, 'योग फॉर हेल्दी एजिंग', पूरी जिंदगी हेल्दी और एक्टिव लाइफ पर बढ़ते ग्लोबल जोर को दिखाती है। जैसे-जैसे दुनिया भर में आबादी की उम्र बढ़ रही है और नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियां और लाइफस्टाइल से जुड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ रही हैं, जोर सिर्फ जिंदगी में साल बढ़ाने से हटकर हेल्थ पीरियड, क्वालिटी ऑफ लाइफ और ओवरऑल वेल-बीइंग को बेहतर बनाने



पर जा रहा है। उन्होंने हर आयु वर्ग के लोगों से योग को अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भगवदगीता का उल्लेख करते हुए कहा कि काम, खानपान और नींद में संतुलन दुखों को दूर करने की कुंजी है तथा योग लोगों को यह संतुलन हासिल करने का मार्ग दिखा सकता है। मोदी ने कहा कि यही संतुलन जीवन की तरह योग का भी मूल आधार है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में अधिकतर लोग इस संतुलन को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। योग हमें संतुलित ढंग से जीने की कला सिखाता है। यह हमें बताता है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। जब हम अपने शरीर का सही तरीके से संचालन करना सीख जाते हैं तो स्वस्थ रहना हमारी आदत बन जाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित नहीं करता बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के जरिये शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का मार्ग भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसकी चेतना न केवल मन को शांति देती है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इसीलिए योग केवल हमारी व्यक्तिगत जीवनशैली के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए भी आवश्यक है। मोदी ने कहा कि हम संकल्प लें कि योग को केवल किसी एक दिन या आयोजन तक सीमित नहीं रखेंगे बल्कि इसे अपने जीवन, अपने परिवारों और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का हिस्सा बनाएंगे। मोदी ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन गया है जो विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों को एकजुट करता है।

## मुठभेड़ में पीएलएफआई का सक्रिय कमांडर घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** जिले में पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के बीच हुई मुठभेड़ में संगठन का सक्रिय कमांडर श्रवण दास घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया है। यह मुठभेड़ कर्रा और जरियागढ़ थाना क्षेत्र की सीमा से सटे जंगल में हुई। पुलिस के अनुसार श्रवण दास लंबे समय से पीएलएफआई के लिए सक्रिय था और उस पर फायरिंग, ठेकेदारों से लेवी वसूली, वाहनों एवं पोकलेन मशीनों में आगजनी सहित कई गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। हाल ही में उसे एक सर्च अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने पुलिस को जरियागढ़ क्षेत्र के जंगल में हथियार छिपाकर रखने की जानकारी दी थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम उसे हथियार बरामदगी के लिए जंगल में लेकर गई। पुलिस का दावा है कि मौके पर पहुंचने के बाद श्रवण दास ने अचानक एक जवान की पिस्टल छीन ली और जंगल की ओर भागने लगा। भागते समय उसने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिसमें उसके पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद वह मौके पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दोबारा अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल से तीन हथियार बरामद करने का दावा किया है। अधिकारियों का कहना है कि श्रवण दास इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। घटना की सूचना मिलने के बाद खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। फिलहाल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस उग्रवादी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में अभियान चला रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### रांची में युवती का शव बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र में 25 वर्षीय युवती का शव सड़क से बरामद किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर उसे वाहन से कुचल दिया गया है ताकि पूरा मामला हादसे जैसा लगे। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवती के शव को देखने से ऐसा लगता है कि पहले उसके साथ अनैतिक काम किया गया और फिर उसे वाहन से कुचल कर मार डाला गया। मामले की जानकारी मिलते ही तुपुदाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाकर जांच करवाई गई है।

#### बंद खदान से युवक का शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जयनगर थाना अंतर्गत करियावां पंचायत के डहुआटोल गांव स्थित एक बंद खदान से रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय दशरथ यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दशरथ शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपनी बाइक से घर से निकला था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की।

#### कुएं में गिरने से मासूम की मौत

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के जियापानी (धबोरना) प्रधान टोला में शनिवार रात हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। पांच वर्षीय मासूम अमन किस्कू की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जिस कुएं से रोज ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंचता था। रविवार सुबह उसी कुएं से मासूम की जिंदगी की आखिरी खबर सामने आई। बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब पांच बजे गांव की एक महिला हर दिन की तरह करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाने पहुंची थी। बाल्टी डालते समय उसकी नजर कुएं में तैरते हुए अमन के शव पर पड़ी। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर जुट गए और शव को बाहर निकाला गया।

#### पिकअप वैन पलटी, सात लोग घायल

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोटाम मोड़ के समीप शनिवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया जिसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी घायल लातेहार प्रखंड के तरवाडीह गांव के निवासी हैं। टांगीनाथ धाम से पूजा-अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोटाम मोड़ के पास चालक का संतुलन बिगड़ गया। वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए जुट गए।

फादर्स डे पर शिबू सोरेन को याद कर मुख्यमंत्री ने किया भावुक पोस्ट

## 'तपती धूप में बरगद सी छाया हैं बाबा' : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** फादर्स डे के मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद किया। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग झारखंड राज्य के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को याद करते हुए लिखा है कि पिता केवल एक रिश्ता नहीं बल्कि संघर्ष, साहस, संकल्प और संस्कार की वह पाठशाला हैं, जहां जीवन जीने का सबसे बड़ा ज्ञान मिलता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमें हमेशा सिखाया कि लोगों का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है और अपने राज्य और लोगों के अधिकारों के लिए हर परिस्थिति में डटकर खड़ा रहना ही सच्ची सेवा है। उनके अथक संघर्ष, त्याग, विचारों और आशीर्वाद से ही हमें जनसेवा का मार्ग मिला है।' सीएम हेमंत सोरेन ने यह भी कहा कि तपती धूप में



बरगद सी छाया हैं बाबा, संघर्ष की राह में अटूट हौसला हैं बाबा। हमारी सोच, हमारे संस्कार, हमारी पहचान हैं बाबा, एक पिता ही नहीं, पूरे समाज का स्वाभिमान हैं बाबा। मेरे पिता, मेरे मार्गदर्शक, मेरे शिक्षक स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरु जी को शत-शत नमन।' बता दें कि जेएमएम के संस्थापक शिबू सोरेन को 23 जून को मरणोपरांत पद्मभूषण मिलेगा। बताया है कि दिशोम शिबू सोरेन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार शाम को पांच बजे दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मभूषण से सम्मानित करेंगी। यह सम्मान उनके पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद ग्रहण करेंगे।

## पड़ोस के घरों को बाहर से बंद कर 12 लाख के गहने ले उड़े चोर

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार चोर किसी न किसी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र का है जहां से चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए 12 लाख के गहने और नगद पैसे भी ले उड़े। रांची के पुंदाग ओपी इलाके में चोरों ने सोनू सोनी नामक व्यक्ति के घर को निशाना बनाते हुए 12 लाख रुपए के गहने और एक लाख 55 हजार रुपए नकद गायब कर दिए हैं। चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने चोरी में कोई खलल न पड़े, इसलिए वारदात के दौरान आस पड़ोस के घरों के दरवाजों में बाहर से या तो रस्सी बांध दी या फिर किसी के घर की कुंडी लगा दी। घर के मालिक सोनू सोनी ने बताया कि वे लोग सपरिवार घर में ताला बंद कर पटना गए हुए थे। रविवार की सुबह जब वे लोग वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा था, अंदर जाने पर सब कुछ बिखरा हुआ था। चोरों ने घर में रखे नकद एक लाख 55 हजार रुपये और 12 लाख के गहने अपने साथ ले गए।

## विधवा महिला से 60 लाख की ठगी, दंपति पर केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के सिल्ली में एक विधवा महिला से एक दंपति ने 60 लाख की ठगी कर ली है। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ सिल्ली थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। रांची के सिल्ली की रहने वाली नमिता महतो नाम की एक महिला से एक दंपति ने 60 लाख रुपए की ठगी कर ली। एफआईआर के अनुसार नमिता के पति के निधन के बाद बैंक और एलआईसी से पैसे निकालने का झांसा देकर ठगी की गई है। मामले में नमिता महतो ने सत्य प्रकाश और पूनम कुमारी के खिलाफ सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। एफआईआर के अनुसार नमिता महतो के पति सुभाष चंद्र महतो के निधन के बाद उनके बैंक और एलआईसी से जुड़े पैसों के निपटारे के दौरान आरोपियों ने उनसे संपर्क बढ़ाया। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने खुद को प्रभावशाली और कानूनी जानकार बताकर भरोसा जीता और फिर धीरे-धीरे उनके बैंकिंग से जुड़े कागजात, पासबुक, आधार, पैन, फोटोग्राफ और अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने बिना इजाजत के पीड़ित के मोबाइल पर बैंकिंग ऐप डाउनलोड कर एक्टिवेट कर लिया तथा उसका पासवर्ड और लॉगिन पिन भी अपने पास रख लिया। एफआईआर में अलग-अलग चरणों में रकम ट्रांसफर कराने और कथित कानूनी फीस के नाम पर पैसे लेने का आरोप है। शिकायत में बताया गया कि 6 मार्च 2023 को 4.12 लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए थे जबकि बाद में कुल अवैध ट्रांसफर की राशि 49.77 लाख रुपए बताई गई। इसके अलावा 9.50 लाख रुपये कथित फीस के रूप में लेने का भी आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख है कि पहले एलआईसी से संबंधित रकम खाते में आई थी जिसे बैंक ने स्वतः एफडी में डाल दिया और इसी दौरान पूरे मामले की शुरुआत हुई। सिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नवादा के चार साइबर ठग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** बिहार के नवादा जिले के चार साइबर ठगी के आरोपितों को साइबर थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के उड़नपुर गांव निवासी धर्मराज कुमार सिंह, शाहपुर थाना क्षेत्र के संगमा गांव निवासी सत्यम कुमार सिंह तथा वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव निवासी गौतम कुमार सिंह और राजाराम कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपित आपस में मित्र हैं और मिलकर साइबर ठगी का अवैध कारोबार संचालित करते थे। इनके पास से पांच मोबाइल फोन और सात सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। बरामद सिम कार्डों में से एक के खिलाफ प्रतिबिंब पोर्टल पर पहले से साइबर ठगी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज है। जांच में पता चला कि आरोपित खुद को फर्जी रूप से फ्लिपकार्ट, ब्लूडार्ट, फर्स्ट फ्लाइट और डीटीडीसी जैसी कूरियर कंपनियों का अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते थे। पार्सल या कूरियर डिलीवरी के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे ठगी करते थे। देवघर में हुई साइबर ठगी की कुछ घटनाओं में भी इनके शामिल होने की जानकारी जांच के दौरान साइबर थाना पुलिस को मिली थी। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि सभी आरोपित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने के लिए देवघर आए हुए हैं और एक होटल में ठहरे हैं। सूचना के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया।

## अब चमकेंगी गांवों की सड़कें, हर विधायक को मिलेंगे 15 करोड़ रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने राज्य के सभी विधायकों से उनके विधानसभा क्षेत्रों में नई ग्रामीण सड़कों एवं अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए औपचारिक अनुशंसा भेजने का आग्रह किया है। इसके लिए विभागीय अभियंता लगातार जनप्रतिनिधियों और उनके प्रतिनिधियों से संपर्क कर क्षेत्र की प्राथमिकता वाली योजनाओं की सूची तैयार करने में जुटे हैं। सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधायक अनुशंसा आधारित योजनाओं की सीमा बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये प्रति विधायक कर दी गई है। राज्य के 81



निर्वाचित और एक मनोनीत विधायक सहित कुल 82 विधायकों से उनके क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप प्रस्ताव मांगे गए हैं। इन योजनाओं में ग्रामीण सड़कें, संपर्क मार्ग, छोटी पुलिया तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचना परियोजनाएं शामिल होंगी। विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों की सबसे पहले तकनीकी जांच की जाएगी। इसके बाद प्रत्येक योजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार की जाएगी जिसमें सड़क की लंबाई, लागत अनुमान, गुणवत्ता मानक, भूमि की उपलब्धता और निर्माण तकनीक जैसे सभी पहलुओं का विस्तृत आकलन होगा। तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद योजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्रामीण कार्य विभाग का लक्ष्य बरसात के मौसम का उपयोग अधिकतम डीपीआर तैयार करने में करना है ताकि मानसून समाप्त होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया जा सके। वहीं खजरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश कच्छप, खूंटी से राम सूर्या मुंडा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत जगहों पर नई सड़कों का निर्माण होना है और कई जर्जर सड़कों का फिर से जीर्णोद्धार का कार्य होना है। विधायकों का मानना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, गांवों का सड़क संपर्क मजबूत होगा और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सरकार की इस पहल से राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विस्तार को भी बल मिलने की उम्मीद है।


## योग व्यायाम नहीं बल्कि संतुलित जीवनशैली : सीएमडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय के कोयला नगर स्थित अन्नपूर्णा हॉल में 'योग संगम' कार्यक्रम का बेहद भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। देश और दुनिया के साथ कदम मिलाते हुए बीसीसीएल ने भी इस वर्ष की वैश्विक थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' के अनुरूप इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की थी। सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बीसीसीएल प्रबंधन की प्राथमिकताओं को गिनाते हुए कहा कि कंपनी अपने सभी कोयला कर्मियों और अधिकारियों के स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर सुरक्षा और उनके परिवार के समग्र कल्याण को



हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है। इसी नेक सोच के तहत कंपनी ने 'योग 365' जैसी एक बेहद अनूठी और महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की है। इस मुहिम के माध्यम से कर्मचारियों को साल के पूरे 365 दिन योग को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए लगातार प्रेरित और जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने अंत में हॉल में मौजूद सभी लोगों से भावुक आह्वान किया कि योग को केवल 21 जून यानी एक दिन के उत्सव तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल करें ताकि एक स्वस्थ समाज, ऊर्जावान बीसीसीएल और सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण किया जा सके। इस भव्य 'योग संगम' कार्यक्रम को सफल बनाने में बीसीसीएल के पूरे शीर्ष प्रबंधन ने एकजुटता दिखाई। इस मौके पर मुख्य रूप से मानव संसाधन निदेशक मुरली कृष्ण रमैया, तकनीकी-संचालन निदेशक संजय कुमार सिंह, तकनीकी-योजना एवं परियोजना निदेशक राजीव कुमार सिन्हा, वित्त निदेशक राजेश कुमार ने भी अग्रिम पंक्ति में बैठकर योगाभ्यास किया। इसके साथ ही सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों में सक्रिय रहने वाली संस्था 'दीक्षा महिला मंडल' की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल, उपाध्यक्षा पूर्बिता रमैया सहित मंडल की अन्य महिला सदस्य भी पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की भारी भीड़ और उनके जबरदस्त उत्साह ने यह साफ कर दिया कि बीसीसीएल अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



C M Y K

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में योग दिवस पर एक साथ 120 केंद्रों में योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र एवं योगसरिता योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पहली बार विश्वविद्यालय के अधीन 120 केंद्रों में एक साथ ऑनलाइन योगाभ्यास कराया गया, जबकि सैकड़ों विद्यार्थी और प्रतिभागी यूट्यूब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। विश्वविद्यालय के डिजिटल स्टूडियो से विशेषज्ञ योग प्रशिक्षक सरिता शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम और



योग निद्रा का अभ्यास कराया। उनके साथ योग प्रशिक्षु अमिता सिंह, निक्की कुमारी और जागृति शर्मा ने विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा, विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं शिक्षक स्वामी विवेकानंद सभागार में उपस्थित रहे। वहीं जे.सी. बोस भवन स्थित एडवांस्ड साइंस लैब में भी बड़ी संख्या में लोगों ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत तीन बार सामूहिक ह्यॐह्न उच्चारण और गायत्री मंत्र जाप से हुई। इसके बाद सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, तिर्यक ताड़ासन, उत्तानपादासन, मकरासन, स्कंधासन, भुजंगासन और शलभासन सहित कई योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक सरिता शर्मा ने प्रत्येक आसन की तकनीक, श्वास प्रक्रिया और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को योग निद्रा के माध्यम से मानसिक शांति और विश्राम की विधि भी सिखाई गई। इसके बाद अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में योग केंद्र के निदेशक डॉ. राजकुमार चौबे एवं योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सरिता शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के सफल ऑनलाइन प्रसारण में संदीप कुमार, उमेश मंडल, सोनू कुमार, जावेद, उत्तम कुमार और अनीस ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के भव्य प्रांगण में योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, सहनशीलता को भी बढ़ाता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री ओम प्रकाश गोयल ने कहा कि 21 जून उत्तरी गोलार्ध का सबसे बड़ा दिन होता है और उसी प्रकार योग भी मनुष्य को दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करने का माध्यम है। उन्होंने




शिक्षकेत्तर कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, एनसीसी विभाग के कैडेट, खेल विभाग के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।योग शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यवर्धक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने सभी को योग की मूल भावना से जुड़ने तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह मानसिक शक्ति, धैर्य, आत्मविश्वास और कहा कि योग हमारी चित्तवृत्तियों को नियंत्रित कर नकारात्मक विचारों को दूर करता है तथा सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। योग व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने का कार्य करता है और शारीरिक के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित रूप से योग करने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ किया गया। विद्यालय परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन को सफल बनाने में सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### आरके महिला महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरके महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी तथा एनएसएस यूनिट-1 एवं यूनिट-2 के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका लक्ष्मी छाया एवं सुपर्णा मुखर्जी ने उपस्थित छात्राओं, एनएसएस वॉलिंटियर्स तथा एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान मुद्राओं का अभ्यास कराया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एन. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया कार्यक्रम में आई क्यूऐसी समन्वयक प्रो. रेणुका साहू, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ. अनुज कुमार सिन्हा, डॉ. आतिश रंजन, जितेंद्र चौरसिया, ज्योति रोशन, सौमित सामंता, डॉ. अमित प्रसाद, राजेंद्र वर्मा, चिंता देवी एवं प्रतिमा देवी सहित महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलिंटियर्स तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। योगाभ्यास के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बरमसिया चिल्ड्रन पार्क में योग शिविर आयोजित

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को 15 नंबर वार्ड की महिलाओं, कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों एवं उनके अभिभावकों द्वारा बरमसिया चिल्ड्रन पार्क, गिरिडीह में योग शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री एवं पूर्व वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, वर्तमान 15 नंबर वार्ड पार्षद पूजा कुमारी, भाजपा युवा मोर्चा के मिथुन चंद्रवंशी, लखन शर्मा, दीपक मार्शल आर्ट एकेडमी के संचालक एवं कराटे प्रशिक्षक दीपक श्रीवास्तव, श्वेता आर्या, ज्योति कुमारी तथा सुधा देवी उपस्थित रहे योग शिविर में कराटे प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। उपस्थित लोगों ने योग को स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली का भी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊजार्वान और तनावमुक्त जीवन जी सकता है कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से नियमित रूप से योग करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

### बेंगाबाद में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेंगाबाद 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय प्रांगण एवं प्रज्ञा केंद्र में पतंजलि महिला योग समिति के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया इस अवसर पर पतंजलि महिला योग समिति की बेंगाबाद महिला प्रखंड प्रभारी पूनम रानी एवं महामंत्री रीता गुप्ता ने संयुक्त रूप से दोनों स्थानों पर उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का भी माध्यम है कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। योग दिवस के अवसर पर पूरे वातावरण में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गिरिडीह में जगह-जगह आयोजित हुए योग कार्यक्रम

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को गिरिडीह जिले के विभिन्न संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।झंडा मैदान, गिरिडीह में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह, संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया एवं सोनी शाह के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ पतंजलि परिवार के सदस्यों ने भी भाग लेकर योग किया वहीं, राज्य यूनानी मेडिकल कॉलेज, रानी खावा, गिरिडीह में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। योग प्रशिक्षक पुष्पा शक्ति एवं नवनीत कुमार उपाध्याय ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति ने कहा कि योग और आयुर्वेद को जीवन में अपनाकर व्यक्ति कई बीमारियों से बच सकता है तथा स्वस्थ जीवन जी सकता है। नवनीत कुमार उपाध्याय ने ऋतु आहार एवं ऋतु फल के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा प्रतिदिन एक घंटे योगाभ्यास करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुखिया, कौशल विकास केंद्र के प्रधानाचार्य, सीएचओ डॉ. फरहत, जिला मेडिकल ऑफिसर डॉ. गुलाम मुस्तफा अंसारी, आयुष विभाग के कृष्ण मुरारी शर्मा, गणेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिला मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंसारी ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा नियमित रूप से विभिन्न स्थानों पर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं सिद्ध चिकित्सा पद्धति के तहत निःशुल्क परामर्श एवं दवाओं का वितरण भी किया जाता है। उन्होंने लोगों से इन सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।इसके अलावा स्नेह दीप वृद्धाश्रम, गिरिडीह में रेखा तर्व एवं प्रमिला सिन्हा द्वारा योगाभ्यास कराया गया। वहीं आरके महिला कॉलेज, गिरिडीह में योग शिक्षिकाओं लक्ष्मी छाया एवं सुपर्णा मुखर्जी के नेतृत्व में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ने भाग लिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया।

# सुनील सिन्हा शूटिंग चैंपियनशिप में सांसद मनीष जायसवाल ने लगाया निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** स्थानीय हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) स्थित शूटिंग रेंज में चल रहे चार दिवसीय हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट सुनील सिन्हा मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 के दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखा। इस मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने खुद शूटिंग रेंज पहुंचकर आयोजकों और प्रतिभागी शूटरों का हौसला बढ़ाते नजर आए। बतौर मुख्य अतिथि दूसरे दिन सांसद मनीष जायसवाल यहां पहुंचे और निशानेबाजी की शुरूआत करायी।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर, राष्ट्रीत स्तर पर अपनी जगह पक्की करने के



लिए प्रेरित किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने जब 10 मीटर रेंज में खिलाड़ियों को निशाना लगाते देखा, तो वे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने पहले एक सामान्य हथियार और फिर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्तेमाल होने वाली अत्याधुनिक राइफल थामी। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने शुरूआती एक-दो प्रयासों में ही बेहद सटीक निशाना लगाकर वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया और खिलाड़ियों की सांसद मनीष जायसवाल के इस अचूक निशाने को देखकर जमकर तालियां बजाई। इस दौरान नेशनल शूटर सह प्रशिक्षक रिद्धि गुप्ता और रोहित सिंह ने सांसद मनीष जायसवाल को हजारीबाग के उन होनहार शूटरों से मिलवाया, जो राष्ट्रीय स्तर तक अपनी चमक बिखेर चुके हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी होनहारों निशानेबाजों की पीठ थपथपाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शूटिंग रेंज पहुंचने पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन और महासचिव नीलेन्दु जयपुरियार ने सांसद मनीष जायसवाल को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न खेलों के साथ शूटिंग की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने पर चर्चा हुई। सांसद मनीष जायसवाल ने शूटिंग रेंज में 25 मीटर और 50 मीटर रेंज डेवलप करने के लिए हर संभव सहयोग देने का पूरा भरोसा दिया। उन्होंने संघ को इस प्रस्ताव के साथ जल्द बैठकर निर्णय लेने हेतु आमंत्रित भी किया। उल्लेखनीय है कि बीते 20 जून को शुरू हुआ यह जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन 23 जून को होगा। उक्त मौके पर शूटिंग एसोसिएशन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहें। जिनमें मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, सुगातो रॉय, सुनील सिंह, अमरेंद्र सिंह और हेमंत कुमार आदि शामिल रहे।

# ब्राउन शुगर तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, 5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** बरकट्ठा पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 ग्राम ब्राउन शुगर, 11,400 रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को 20 जून 2026 को सूचना मिली थी कि बरकट्ठा बाजार से बरवां जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क स्थित बुढ़िया माता मंदिर के समीप एक व्यक्ति ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) हजारीबाग सह प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही मो. अरमानुल हक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने बुढ़िया माता मंदिर के पास छापेमारी कर कुंदन कुमार पंडित (पिता- बालेश्वर पंडित), निवासी बरकट्ठा बाजार, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5 ग्राम ब्राउन शुगर, 11,400 रुपये नकद और एक मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस संबंध में बरकट्ठा थाना कांड संख्या 96/26, दिनांक 20 जून 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है।

# चंद्रगुप्त कोल परियोजना ने बनाया नया रिकॉर्ड, एनटीपीसी को भेजा गया कोयले का डिस्पैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सीसीएल की चंद्रगुप्त कोयला खनन परियोजना ने कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। रविवार को परियोजना से उत्पादित कोयले का सफलतापूर्वक डिस्पैच टंडवा स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट के लिए रवाना किया गया, जिसे झारखंड के खनन क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। चंद्रगुप्त परियोजना में माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) के रूप में कार्यरत सुशी इंफ्रा के नेतृत्व में उत्पादन और परिवहन व्यवस्था को नई गति मिली है। परियोजना से रिकॉर्ड स्तर पर कोयला डिस्पैच होने



से न केवल विद्युत उत्पादन इकाइयों को समय पर ईंधन उपलब्ध होगा, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सुशी इंफ्रा के महाप्रबंधक आर. एस. यादव ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी एजेंसियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास, बेहतर प्रबंधन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त परियोजना आने वाले समय में झारखंड के खनन क्षेत्र की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के विस्तार और बढ़ते उत्पादन से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा। इसके अलावा परिवहन, व्यापार और अन्य सहायक गतिविधियों में भी तेजी आने की उम्मीद है। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि कोयला उत्पादन और डिस्पैच में बढ़ोतरी से एनटीपीसी जैसे प्रमुख बिजली संयंत्रों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे देश के विभिन्न हिस्सों में बिजली उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। साथ ही यह उपलब्धि कोयला क्षेत्र में आधुनिक प्रबंधन और बेहतर समन्वय का उदाहरण भी मानी जा रही है। झारखंड देश के प्रमुख कोयला उत्पादक राज्यों में शामिल है और चंद्रगुप्त परियोजना की यह सफलता राज्य के खनन क्षेत्र में बढ़ती क्षमता और संभावनाओं को दशार्ती है।

# गिरिडीह में रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रह, रक्तदाताओं में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं विश्वनाथ नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बृहद रक्तदान शिविर रविवार को विश्वनाथ नर्सिंग होम परिसर में जारी रहा। शिविर में समाचार लिखे जाने तक 102 यूनिट रक्त का संग्रह किया जा चुका था। रक्तदाताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और आयोजकों को उम्मीद है कि रक्त संग्रह की संख्या में और वृद्धि होगी।

शिविर के संयोजक पंकज राठी एवं सह-संयोजक सीए संजय शर्मा ने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान कर रहे हैं।



उन्होंने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉ. सज्जन कुमार डोकानिया, ब्लड बैंक के डॉ. सोहेल, मुकेश जालान, सतीश केडिया, नीलकमल भारतीय, सुनील मोदी (महासचिव), राकेश मोदी, संजय बुधौलिया, विकास खेतान, सरवन केडिया तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के अरविंद कुमार, मदन विश्वकर्मा और विवेश जालान सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा आयोजकों ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होते हैं तथा समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश फैलाते हैं।

# मंडल कारा गिरिडीह का डीएलएसए टीम ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड उच्च न्यायालय एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) की टीम ने मंडल कारा गिरिडीह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा ने किया निरीक्षण दल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनोद कुमार, डीएलएसए सचिव मो. सफदर अली नैयर, न्यायिक दंडाधिकारी अक्षय शर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल थे निरीक्षण के दौरान टीम ने जेल मैनुअल के अनुरूप बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन एवं पेयजल की गुणवत्ता की जांच की तथा कारा के रसोईघर की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा कारा में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी से बंदियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई टीम ने कई बंदियों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही मूलभूत सुविधाओं, कानूनी सहायता एवं अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया ने कारा में आवंटन की कमी के कारण उत्पन्न विभिन्न समस्याओं एवं असुविधाओं से टीम को अवगत कराया निरीक्षण के क्रम में डीएलएसए सचिव ने मंडल कारा स्थित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया तथा बंदियों से उनके मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध होने अथवा नहीं होने की जानकारी ली।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारीबाग यूथ विंग का योग शिविर सम्पन्न

## सांसद मनीष जायसवाल समेत कई लोगों ने किया योगाभ्यास, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन सभागार में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। योग, अध्यात्म और समाजसेवा के सुंदर संगम बने इस आयोजन में शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व शांति, स्वस्थ समाज और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़कर किया गया। इसके पश्चात सांसद






मनीष जायसवाल, संस्था के पदाधिकारियों एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। हजारीबाग यूथ विंग की ओर से सांसद मनीष जायसवाल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में शहर के 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें महिलाएं, युवा, छात्र-छात्राएं, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था द्वारा विकास तिवारी, विकास केशरी एवं मोहम्मद ताजुद्दीन को संयोजक बनाया गया था, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योग सत्र का संचालन अनुभवी योग शिक्षिका वर्षा डे ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। सामूहिक रूप से किए गए योगाभ्यास, ॐ के उच्चारण और मंत्रोच्चार से पूरा सभागार आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले योग सत्र में प्रतिभागियों ने पूरे मनोयोग और अनुशासन के साथ भाग लिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश दिया कि योग आज की नई पीढ़ी की भी आवश्यकता बन चुका है। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। करो योग, रहो निरोग का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

# विश्व योग दिवस : भाजपा नगर कमेटी ने लगाया योग शिविर, सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा गिरिडीह नगर कमेटी द्वारा झगरी स्थित मुकेश जालान के फार्म हाउस में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार राय एवं नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा 'सिंकू' ने किया। शिविर में योग गुरु अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं हास्य योग का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया योग शिविर में सुनील पासवान, प्रकाश सेठ, चुन्नूकांत, दिनेश यादव, संदीप डांगेच, डॉ. शैलेंद्र चौधरी, मुकेश जालान, राजेश जायसवाल, देवराज, नवनीत सिंह, संतोष गुप्ता, साहिल शर्मा, नीलू सिन्हा, आकाश सिंह, विवेक गुप्ता, सोनू चौरसिया, बबली साव, प्रफुल कुमार, नितेश सिन्हा, राम बाबू, श्यामकांत तिवारी, आलोक केसरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे वहीं, अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के आवास पर भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, संजय सिंह, दीपक शर्मा, दीपक स्वर्णकार सहित कई लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

# गरीब परिवार के लिए बनी सहाराः समाज सेविका आइशा सिंह ने की मदद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राजा हरिश्चंद्र घाट स्थित शिव मंदिर के पुजारी राजेश उर्फ झगडू बाबा के आकस्मिक निधन के बाद उनके गरीब एवं असहाय परिवार की मदद के लिए समाजसेविका आइशा सिंह आगे आईं। उन्होंने शोकाकुल परिवार को 5100 नकद राशि एवं चार साड़ियां प्रदान कर आर्थिक सहयोग किया। इस अवसर पर आइशा सिंह ने कहा कि झगडू बाबा ने लगभग 40 वर्षों तक राजा हरिश्चंद्र घाट स्थित शिव मंदिर में निस्वार्थ भाव से सेवा की। उनके निधन से पूरे शहर ने एक समर्पित एवं धार्मिक व्यक्तित्व को खो दिया है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में भी इस परिवार को किसी प्रकार की आवश्यकता होगी तो वह हर संभव सहायता के लिए सदैव उनके साथ खड़ी रहेंगी। आइशा सिंह ने डाल्टनगंज के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस गरीब और असहाय परिवार की अधिक से अधिक आर्थिक सहायता करें, ताकि दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल मिल सके। उन्होंने कहा कि झगडू बाबा की वर्षों की सेवा को देखते हुए समाज का भी नैतिक दायित्व बनता है कि सभी लोग एकजुट होकर उनके परिवार के साथ खड़े हों और हरसंभव सहयोग प्रदान करें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा शारजाह कॉर्निश पर योग शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा शारजाह कॉर्निश पर एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष बात यह रही कि इसमें विभिन्न राष्ट्रीयताओं और समुदायों के लोगों ने भाग लेकर योग के सार्वभौमिक संदेश – स्वास्थ्य, सद्भाव और एकता – को सशक्त बनाया। प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों में भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश ग्रहण किया। यह आयोजन आईपीएफ बिहार काउंसिल के संयोजक आर. के. महतो के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उनके साथ उनकी समर्पित टीम के सदस्य संजीत झा, शैलेश पांडेय, रजनीश सिन्हा, विकास सिंह, मानस पांडेय, अतुल कुमार, ओम प्रकाश, हेमंत सिंह एवं अमृता सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर आईपीएफ केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष अशोक दोषी ने कहा कि योग सम्पूर्ण मानवता को जोड़ने वाला माध्यम है और यह स्वस्थ, अनुशासित एवं तनावमुक्त जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में आर. के. महतो ने योग को भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि आज योग विश्वभर में लोगों को स्वस्थ जीवन की प्रेरणा दे रहा है। कार्यक्रम के दौरान आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उत्पादों का वितरण भी किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। प्रतिभागियों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे सामुदायिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाली एक प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य, सद्भाव, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# भरत तिवारी इनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आक्रोश रैली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के बैनर तले रविवार को बिहार में हुए भरत तिवारी इनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच और इंसाफ की मांग को लेकर पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर में आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। रैली की शुरुआत संगठन के प्रदेश कार्यालय से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में भरत तिवारी को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर नारे लगाए। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में युवा वाहक हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चंद्रशेखर आजाद चौक, रेड़मा पहुंचे। रैली के दौरान युवा वाहकों ने कहा कि भरत तिवारी इनकाउंटर मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता या दोष सामने आते हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार से मामले की जांच सीबीआई से कराने तथा पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा और सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। आक्रोश रैली को कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का समर्थन भी मिला। सनातन धर्म सभा, रक्षा सूत्र परिवार समेत अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने रैली में शामिल होकर एकजुटता दिखाई और निष्पक्ष जांच की मांग का समर्थन किया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि न्याय और पारदर्शिता की मांग को लेकर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी आवाज शांतिपूर्ण तरीके से उठाने का अधिकार है और वे इसी अधिकार के तहत न्याय की मांग कर रहे हैं।

# युवाओं को समाजवाद, संविधान और सामाजिक न्याय के विचारों से जोड़ने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा झारखंड के सभी 24 जिलों में संचालित "युवा संवाद चौपाल यात्रा" के तहत रविवार को गिरिडीह स्थित अंबेडकर भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजन यादव ने कहा कि आज के युवाओं को समाजवाद, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को समझने तथा उसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक न्याय की इस मुहिम को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़ें।उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। जागरूक और संगठित युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा उनकी समस्याओं को हर मंच पर मजबूती से उठाया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक न्याय, रोजगार और राज्य के समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन खातून, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, युवा राजद प्रदेश प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, प्रदेश सचिव हाजी अनमुल, जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव, जिला महासचिव बलदेव नायक, जिला सचिव नेकवारी, अल्पसंख्यक विभाग के सचिव कामरान अंसारी, जमुआ प्रखंड अध्यक्ष ललन यादव, धनबाद युवा राजद जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव, जिला प्रवक्ता सुखदेव हाजरा, देवरी प्रखंड अध्यक्ष रामकिशन हाजरा, जिला उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, छोटे लाल यादव, कझी अंसारी, कमलेश तंजीर अंसारी, निरंजन यादव, टीटू यादव, इरफान अंसारी सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के सफल संचालन एवं आगामी निर्वाचन कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का विशेष प्रशिक्षण 22 एवं 23 जून को आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यक्रम गिरिडीह जिले के सभी अंचलों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगा। इसमें निर्वाचन कार्यों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की समय-सारिणी एवं उद्देश्यों, गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण, घर-घर सत्यापन, सेल्फ मैपिंग, पैरेंटल मैपिंग एवं प्रोजेनी मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ईसीआईनेट बीएलओ ऐप के संचालन, क्यूआर कोड स्कैनिंग, फॉर्म सबमिशन, मतदाताओं के फोटो अपलोड करने तथा एएसडीडी सूची के निर्माण एवं सत्यापन संबंधी विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा प्रशिक्षण में मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट, अप्राप्य एवं हस्ताक्षर से इनकार करने वाले मतदाताओं से संबंधित प्रक्रियाओं, बीएलए-2 के साथ समन्वय, प्रपत्र-6, 7 एवं 8 की कार्यवाही तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है। इसकी शुद्धता, अद्यतनता एवं त्रुटिरहित निर्माण सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय से पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण में प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी भारत में लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मिनी इंडिया ने ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी को भारत में लॉन्च कर दिया है। लेटेस्ट जनरेशन की यह एसयुवी अब बीएमडब्ल्यू ग्रुप के चेन्नई प्लांट में स्थानीय स्तर पर तैयार की जाएगी। इसकी बुकिंग सभी अधिकृत मिनी डीलरशिप पर शुरू हो चुकी है और डिलीवरी भी तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई है। कंपनी के अनुसार, नई मिनी कंट्रीमैन सी अपने सेगमेंट में बेहतरीन ऊंचाई और ग्राउंड क्लीयरेंस के साथ दमदार डिजाइन, विशाल केबिन और आधुनिक फीचर्स से लैस है। इसमें 240 मिमी सर्कुलर ओलेड टचस्क्रीन डिस्प्ले, 505 लीटर का बूट स्पेस और एडवांस्ड कनेक्टिविटी सुविधाएं दी गई हैं। इस एसयूवी में लेटेस्ट मिनी ट्विनपॉवर टर्बो तकनीक वाला पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 156 हॉर्सपावर की शक्ति और 240 न्यूटन-मीटर टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके साथ 7-स्पीड डबल क्लच स्टेपट्रॉनिक स्पोर्ट ट्रांसमिशन मिलता है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष एवं सीइओ हरदीप सिंह बरार ने कहा कि मिनी कंट्रीमैन सी दमदार डिजाइन, उपयोगिता और मिनी की पहचान मानी जाने वाली गो-कार्ट फीलिंग का बेहतरीन संयोजन है तथा इसका भारत में निर्माण ग्राहकों को बेहतर वैल्यू प्रदान करेगा। फेवर्ड पैक' में उपलब्ध ऑल-न्यू मिनी कंट्रीमैन सी की एक्स-शोरूम कीमत 47,50,000 रुपये रखी गई है। बीएमडब्ल्यू इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज के तहत इसे 56,990 रुपये मासिक किस्त और 66 प्रतिशत तक एश्योर्ड बायबैक वैल्यू के साथ भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बाटी, जमुआ में रविवार को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिश्वनाथ घोषाल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जी सकता है प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में योग मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है योग कार्यक्रम में दीपांशु कुमार, सत्यम कुमार, सान्वी कुमारी, रेयांश कुमार, नमिता कुमारी, सौर्य सुमन, कुमार अनिकेत, दीक्षा कुशवाहा, खुशी कुमारी, दिवाकर कुमार, सिंकू कुमारी, श्याम सोनी, सौरव सोनी, कुनाल, अंकित कुमार, कृति, मानसी प्रिया, ज्योति प्रिया, विद्या, प्रतिज्ञा कुमारी, प्रज्ञा सिन्हा, पार्थ पीयूष, आराध्या कुमारी, अनमोल कुमार वर्मा, आदर्श कुमार वर्मा, गौतम गोस्वामी, आदित्य, सिया वर्मा और विद्या वर्मा सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा योग प्रदर्शन में उत्कृष्ट सहभागिता दिखाई कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन अपनाने के संकल्प के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया

# नवादा-पावापुरी रेललाइन के लिए जमीन का अधिग्रहण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक।** नवादा - पावापुरी के बीच प्रस्तावित नई रेललाइन परियोजना को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद गिरियक अंचल के नौ मौजों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को अपनी आपत्तियां एवं सुझाव रखने का अवसर भी प्रदान किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत नवादा से पावापुरी रोड स्टेशन तक 25.10 किलोमीटर लंबी रेललाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए पावा, पुरी, दशरथपुर, इसुआ, प्यारेपुर, मरकट्टा, सतौआ, जलालपुर और नसीरपुर मौजा के विभिन्न भूखंडों का अधिग्रहण किया जाना है। अधिसूचना के अनुसार कुल930से अधिक प्लॉट इस परियोजना से प्रभावित होंगे।रेलवे के सहायक अभियंता शशिकांत पांडेय ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद अब भूखंडों के सत्यापन और मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद प्रभावित लोगों को निर्धारित नियमों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार कोई भी हितबद्ध व्यक्ति राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नालंदा के समक्ष लिखित आपत्ति दाखिल कर सकता है। सुनवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। सभी आपत्तियों की सुनवाई के बाद सक्षम प्राधिकारी अंतिम निर्णय लेंगे।इस रेललाइन के निर्माण से नवादा को पहली बार सीधे पावापुरी और राजगीर रेलखंड से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों के बीच यात्रा के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। नई रेल सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को समय और खर्च दोनों की बचत होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना केवल रेल संपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पावापुरी और राजगीर जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ेगी। साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों, रोजगार और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर अरविन्द कुमार, अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2026 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रातःकाल योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग गुरु के संरक्षण में किया गया। योग गुरुओं द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग के माध्यम से मन एवं शरीर को निरोग एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानव शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है तथा मनुष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर योग के माध्यम से अपने शरीर को आकाश जैसा विशाल, वायु जैसा तेज एवं जल जैसा शीतल बना सकता है। योग गुरु ने यह भी बताया कि योग को अपनाने वाला स्वस्थ व्यक्ति ही सुंदर एवं सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। योग गुरुओं द्वारा बताए गए विभिन्न योगासनों का अभ्यास उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारीगण, पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक पदाधिकारीगण, योग गुरु तथा कर्मचारीगण सुशील कुमार, कुणाल कुमार, मो० अली शब्बीर हसनैन, अभिजीत कुमार एवं अनित कुमार सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं व्यवहार न्यायालय, नवादा के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारीगण, डिफेंस/पैनल अधिवक्ता तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एक नजर

### ठगों से रुपये रिकवर कर पीड़ित को लौटाये

**औरंगाबाद।** साइबर पुलिस के प्रयासों से लोगों के पैसे वापस मिल रहे है। बशर्ते धोखाधड़ी होने की स्थिति में सही समय पर शिकायत दर्ज कराए। हालांकि लोग साइबर अपराध के प्रति जागरूक हो रहे हैं और मदद मांगने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। इसी कड़ी में रविवार को रिसियप थाना क्षेत्र के सुंदरगंज निवासी जितेन्द्र प्रसाद के बैंक खाते से धोखाधड़ी की राशि 8,850 रुपये वापस कराया गया। साइबर पुलिस उपाधीक्षक मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में संबंधित थाना पुलिस की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने आमलोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है। कहा कि अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करने या किसी भी प्रकार के ऑनलाइन प्रलोभन से बचें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन-1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या निकटतम थाना अथवा साइबर थाना से संपर्क करें।

### हिलसा के छात्र-युवाओं ने प्रिंस आनंद को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**हिलसा।** शहर के लोहिया नगर वार्ड संख्या-22 स्थित पानी टंकी कैंपस में ज्ञान बिंदु जीएस क्लास के सह-संचालक रौशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस आनंद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रिंस आनंद की नेपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से शिक्षा जगत एवं छात्र-युवाओं में शोक की लहर है।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने प्रिंस आनंद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रिंस आनंद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग की।उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रिंस आनंद की संदिग्ध मौत की सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि उनके परिजनों को न्याय मिल सके। सभा में बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।इस अवसर पर सौरभ कुमार, टुनटुन सिंह यादव, रजनीश रंजन, मनीष यादव, नीतीश कुमार, प्रमोद यादव, मनीष यदुवंशी, बबलू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शशि यादव, सियाराम कुमार, कमलेश कुमार, कन्हैया यादव, सोनू कुमार, बलराम यादव, शशिकांत, हरेकृष्ण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**हरनौत।** तेलमर थाना क्षेत्र के करौटा-सलेमपुर मार्ग पर तेलमर गांव के समीप हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई।मृतक की पहचान तेलमर गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव के पास साधु बाबा स्थान के निकट सड़क किनारे एक टोटो खड़ा था। इसी दौरान पटना की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टोटो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां अनिल कुमार वर्मा की मौत हो गई।तेलमर थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, दोनों घायलों का इलाज जारी है।

### नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी

**गिरियक।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड परिसर स्थित सामान्य शौचालय से महज 3-4 घंटे पहले जन्मी एक नवजात बच्ची का शव बरामद होने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आरोप है कि बच्ची की हत्या कर उसके शव को बाथरूम की सीट में फेंक दिया गया। सफाईकर्मी विष्णुकांत ने बताया कि दोपहर 2 बजे तक शौचालय की सफाई के दौरान वहां कोई नवजात नहीं थी। इससे आशंका जताई जा रही है कि घटना दोपहर 2 बजे के बाद हुई है। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन, चिकित्सक और कर्मी मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार नवजात का जन्म उसी दिन हुआ था तथा उसके शरीर से नाल भी जुड़ी हुई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई। अस्पताल प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस भी विभिन्न पहलुओं से जांच कर यह पता लगाने में जुटी है कि नवजात को किसने और किन परिस्थितियों में वहां फेंका।पावापुरी ओपी प्रभारी भावना कुमारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. जकी जमाल ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मिट्टी लाने के लिए निकला ताजिया जुलूस

**नवादा।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर रविवार को नवादा शहर के मुस्लिम रोड स्थित कसाई मोहल्ला से ताजिया के लिए मिट्टी लाने हेतु श्रद्धालुओं का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पारंपरिक तरीके से मुहर्रम की रस्मों का निर्वहन किया गया। जुलूस कसाई मोहल्ला से विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थल तक पहुंचा, जहां ताजिया निर्माण के लिए मिट्टी लाई गई। इस दौरान युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मुहर्रम की परंपराओं का पालन किया। जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की गई। मुहर्रम को लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में धार्मिक गतिविधियां जारी हैं और ताजिया निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

# नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को गिरिडीह शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों हटिया बाजार, बस स्टैंड एवं टॉवर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इसके सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के जरिए बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने यह भी दर्शाया कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को प्रभावित करती है, पारिवारिक संबंधों को कमजोर बनाती है तथा सामाजिक अपराधों को बढ़ावा देती है कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, दुकानदार, यात्री एवं युवा उपस्थित रहे। कलाकारों ने लोगों से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। साथ ही निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध सजग रहने और ऐसे मामलों की सूचना प्रशासन को देने के लिए प्रेरित किया जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य नशे के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे इस जन-अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सुरक्षित, स्वस्थ एवं नशामुक्त गिरिडीह के निर्माण में अपना योगदान दें।

# योग के माध्यम से स्वास्थ्य और अनुशासन का दिया संदेश

**नबिटा टीम**

**अररिया/गयाजी/शिवाजीनगर।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, अररिया द्वारा खेल भवन, अररिया में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹ योगा फॉर हेल्दी एजिंग रही, जिसके माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अगुवाई में पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों, तथा युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित योग के महत्व तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी।

जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने की एक सतत प्रक्रिया है। नियमित योगाभ्यास से तनाव में कमी आती है, कार्यक्षमता बढ़ती है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने तथा परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मसंयम एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

उन्होंने डेली रूटीन में योग को शामिल करने साथ-साथ जिला वासियों एवं विशेष रूप से जिले के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशे की कुरीति से दूर रहें और योग से



जुड़कर अररिया जिला को नशा मुक्त बनाएं।

**गयाजी से संवाददाता के अनुसार** आज रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया के प्रांगण में 12वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम एवं शारीरिक शिक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां निर्दोष सेवा समिति के सचिव इंजीनियर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शिक्षा विद ,कवि संजय अथर्व इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर योग दिवस पर विचार रखते हुए कहा कि योग मानव समाज के लिए बहुत जरूरी है, यह हमारे संस्कृति से जोड़ा हुआ है इसे रोज करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संजय अथर्व ने कहा यह योगा का परिचलन जब विदेश में बढ़ा तो भारतीय को अपनी संस्कृति याद आई और अब प्रति बर्ष योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मो अबरार आलम ने उपस्थित विद्यार्थियों एम आगंतुक का स्वागत किया और कहा स्वस्थ रहने के लिए योग करना काफी जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वास्थ शिक्षा ग्रहण किया जा सकता है। मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी लोग को प्रतिदिन योग व्यायाम करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक चंद्रमणि प्रसाद राजेश कुमार राजू रवि प्रकाश मालवीय रिजवान उल्ला राजेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल, शिवाजीनगर परिसर में शनिवार को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमाकांत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों को योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शिवाजीनगर अशोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक राज नारायण सिंह, कुंदेश्वर प्रसाद सिंह, ललित कुमार, भाजपा आईटी सेल सह मीडिया संयोजक रोसड़ा विधानसभा नवीन कुमार सिंह, मनीष कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह, उदय, सुरेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नहाने गये चार दोस्त बहे

## मछुआरों ने तीन की बचाई जान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** अरवल जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित अहियापुर लख घाट पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। दोस्तों के साथ सोन नदी में स्नान करने गया 19 वर्षीय युवक बालू खनन से बने गहरे गड्ढे में डूब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कई घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद युवक का शव नदी से बरामद किया गया। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार खानगाह मोहल्ला निवासी विनोद पासवान का 19 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार अपने दोस्तों प्रिंस, मौसम महर्षि और आकाश कुमार के साथ अहियापुर लख घाट पर सोन नदी में स्नान करने गया था। नहाने के दौरान चारों युवक नदी में आगे की ओर चले गए। इसी दौरान बालू खनन से बने गहरे गड्ढे में उनका पैर फिसल गया और चारों डूबने लगे।

चारों युवकों को डूबता देख घाट के पास मौजूद मछुआरे तुरंत नदी में कूद पड़े। काफी प्रयास के बाद मछुआरों ने प्रिंस, मौसम महर्षि और आकाश कुमार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि रिशु कुमार गहरे पानी और तेज बहाव में लापता हो गया। युवक के लापता होते ही घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों को सूचना दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने कई घंटों तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने रिशु कुमार का शव नदी से बरामद कर लिया।

# कार्यालय में शराब पार्टी का वीडियो वायरल

## कार्यालय में अनुशासन एवं कार्य संस्कृति पर उठ रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिला परिषद कार्यालय से जुड़ा एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में कुछ लोग कार्यालय परिसर के एक कमरे में टेबल के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में टेबल पर शराब की बोतल और ग्लास भी नजर आ रहे हैं, जिसके बाद पूरे मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो जिला परिषद कार्यालय के एक कमरे का है। वीडियो में कुछ लोग कथित तौर पर शराब का सेवन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। टेबल पर शराब की बोतल और ग्लास दिखाई देने के कारण मामला और गंभीर हो गया है।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल

### डीडीसी ने दिये जांच के आदेश

मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं भी तेजी से आने लगी हैं और सरकारी कार्यालयों में अनुशासन एवं कार्य संस्कृति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि वीडियो में जिला परिषद कार्यालय से जुड़े कुछ कर्मी और एकाउंटेंट भी मौजूद हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह भी बताया जा रहा है कि कार्यालय के ही किसी कर्मचारी ने पूरे घटनाक्रम का गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्ड किया और बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। ऐसे में यदि जांच के दौरान वायरल वीडियो की सत्यता सामने आती है और सरकारी कार्यालय के भीतर शराब सेवन की पुष्टि होती है, तो यह शराबबंदी कानून के उल्लंघन का मामला माना जाएगा। इसके साथ ही यह सरकारी सेवा आचरण नियमों के भी खिलाफ होगा, जिसके तहत संबंधित लोगों पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में वीडियो सही पाया जाता है और किसी कर्मचारी की संलिप्तता सामने आती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सौतेली मां की गोली मारकर हत्या

**सारण।** जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के अचीतपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां जमीन विवाद को लेकर एक युवक पर अपनी सौतेली मां की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

मृतका की पहचान अचीतपुर गांव निवासी अशोक गिरी की 32 वर्षीय पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोनी देवी अपने सौतेले बेटे मोनू गिरी का पालन-पोषण सगे पुत्र की तरह करती थीं। परिवार में काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे तनाव बना हुआ था।

बताया जाता है कि सोनी देवी अपने घर में बैठी थीं। इसी दौरान उनका सौतेला बेटा मोनू गिरी वहां पहुंचा और कथित तौर पर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार सोनी देवी को दो गोलियां लगीं। एक गोली सिर में और दूसरी पेट में लगी, जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

# धू-धूकर जली स्कूल में खड़ी बस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के कपटिया मोड़ स्थित आईपीएस स्कूल परिसर में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। एक स्कूल बस में अचानक आग लग गई। हालांकि राहत की बात ये कि रविवार होने की वजह से स्कूल बंद था और बस कैंपस में खड़ी थी, इस कारण से कोई अनहोनी नहीं हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बस उसकी चपेट में आ गई। फायर ब्रिगेड की टीम जब तक आग पर काबू पाती, बस पूरी तरह जल चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हालांकि, जब तक आग पूरी तरह बुझाई जाती, तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। राहत की बात यह रही कि घटना के समय बस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी की वजह से आग लगी हो सकती है।

घटना के बाद स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# झोपड़ी में सो रही बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरपुर। जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। पानापुर ओपी क्षेत्र के रमतोहमा गांव में झोपड़ी में सो रही 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतका की पहचान रमतोहमा गांव निवासी बलदेव पंडित की 75 वर्षीय पत्नी मछिया देवी के रूप में हुई है। स्वजन के अनुसार, मछिया देवी रोज की तरह घर के बाहर बनी झोपड़ी में सो रही थीं। इसी दौरान देर रात अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और उन पर गोली चला दी। गोली लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


गोली चलने की आवाज सुनकर घर के सदस्य बाहर निकले। आसपास किसी के नहीं मिलने पर जब वे झोपड़ी के अंदर पहुंचे तो मछिया देवी खून से लथपथ पड़ी थीं।

उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।

सूचना मिलने पर पानापुर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतका के स्वजन और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# मां और बेटे को दबंगों ने धुना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिले से कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। धरहरा थाना क्षेत्र के सुंदरडीह भलार गांव में दबंगों ने एक मां और उसके बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट की है। इस खौफनाक वारदात का एक वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। पीड़ित महिला अनिता देवी द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, उनका बेटा दिलखुश यादव शनिवार की सुबह करीब 11:45 बजे अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही फंटूश चौधरी, विपिन चौधरी, मंगल चौधरी और अनीता देवी समेत कई अन्य लोग लाठी-डंडे से लैस होकर वहां आ धमके। इन लोगों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर दिलखुश को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब मां अपने लाडले को बचाने दौड़ी, तो दरिंदों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी जमकर मारपीट की।

आरोपियों ने हैवानियत की हदें पार करते हुए दिलखुश यादव पर लाठी-डंडों से तब तक हमला किया, जब तक कि वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर नहीं गया। मां-बेटे की चीख-पुकार सुनकर जब तक आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, तब तक आरोपी पीड़ित को मरणासन्न हालत में छोड़कर वहां से फरार हो चुके थे। आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, घटना का एक लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा गरमा गया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ लोग एक निहत्थे युवक को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट रहे हैं। वीडियो वायरल होने और मामले के तूल पकड़ने के बाद हरकत में आई धरहरा थाना पुलिस ने आनन-फानन में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में चार नामजद और पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धरहरा के थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष ने सख्त लहजे में कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और हाथ में लेने वालों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही सभी आरोपियों को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा और ऐसी गुंडागर्दी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नियमों की अनदेखी कर बन रहीं इमारतें

**अरवल।** नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति व नक्शा पास कराए आवासीय एवं व्यावसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। नगर परिषद के अधिकारी इससे वाकिफ होकर भी कार्रवाई करने से बचते रहे हैं। बेतरतीब तरीके से भवन निर्माण करने से शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण बढ़ रहा है।

नगर परिषद के पास कोई ब्योरा नहीं है कि एक वर्ष में शहरी क्षेत्र में कितने नए मकान का निर्माण हुआ और कितने निमार्णाधीन हैं। एक कट्ठा जमीन पर भवन बनाने के लिए नक्शा पास कराने पर 50 हजार रुपये का खर्च आता है। दो से ज्यादा मंजिल का मकान बनाने पर प्रति मंजिल के हिसाब से टैक्स देना होता है। नक्शा बनाने में लैंड डेवलपमेंट फीस आठ हजार रुपये, नगर परिषद को टैक्स के रूप में दस रुपये पर स्क्वायर मीटर, श्रम संसाधन विभाग को मकान की लागत का एक प्रतिशत टैक्स देने के अलावा सात से 20 हजार रुपये वास्तुविद के द्वारा नक्शा बनाने में लिया जाता है।

बिना नक्शा पास कराए मकान बनाने से नगर परिषद एवं श्रम संसाधन विभाग को संयुक्त रूप से राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# सरकार के दावों की परीक्षार्थियों ने खोली पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर बिहार सरकार और पटना जिला प्रशासन द्वारा किए गए तमाम बड़े-बड़े दावे रविवार को धरातल पर पूरी तरह कागजी साबित हुए। प्रशासन ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को मुफ्त बस व ट्रेन सेवा और अभिभावकों के लिए केंद्रों के बाहर विशेष इंतजाम करने का ढिंढोरा पीटा था, लेकिन परीक्षा के दिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आई। राजधानी पटना के 95 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे हजारों परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को भारी अव्यवस्था व भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।मुफ्त सफर का वादा निकला हवाई, अपनी जेब से किराया भरने को मजबूर हुए छात्र

प्रशासन ने घोषणा की थी कि नीट परीक्षार्थियों को परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे छात्रों का आरोप है कि उन्हें ऐसी कोई सुविधा नहीं मिली। दूर-दराज के जिलों और राज्यों से आए छात्रों को सामान्य दिनों की तरह ही अपनी जेब ढीली कर भारी किराया चुकाना पड़ा। कई रूटों पर स्पेशल ट्रेनों के दावे भी केवल चचाओं तक ही सीमित रह गए।

# फंदे से लटकी मिली छात्रा की लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के पंचमंदिरा मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार देर रात उसका शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका की पहचान जामो थाना क्षेत्र के बलडीहा गांव निवासी बलिराम राम की 22 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी के रूप में हुई है। सोनी पिछले दो महीनों से पंचमंदिरा निवासी राधेश्याम सिंह के मकान में किराए पर रह रही थी और सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मौसम ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी तथा मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि मोहर्रम आस्था एवं अनुशासन का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे, प्रेम और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अशांति फैलाने या कानून को हाथ में लेने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोहर्रम पर्व को पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस दौरान जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बीसीए महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के लीग मुकाबला में साक्षी बनीं 'प्लेयर ऑफ द मैच'

## 121 रनों पर सिमट गई 'डी' टीम की पारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में आयोजित बीसीए महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के लीग मुकाबले में टीम 'ए' ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। टीम 'ए' ने खेल के हर विभाग में अपना दबदबा दिखाते हुए टीम 'डी' को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। साक्षी कुमारी की कातिलाना गेंदबाजी और सलोनी कुमारी की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी के दम पर टीम 'ए' ने जीत का लक्ष्य बेहद आसानी से महज 12 ओवरों में हासिल कर लिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम 'डी' की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम 'ए' की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टीम 'डी' के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। हालांकि,



यशिका ने एक छोर संभालते हुए 57 गेंदों पर 41 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा ऋतिका राज ने भी 33 गेंदों पर 27 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सकी और पूरी टीम 26.4 ओवर में 121 रनों पर ढेर हो गई। टीम 'ए' की गेंदबाजों ने मैच की शुरूआत से ही शिकंजा कस कर रखा। स्पिनर साक्षी कुमारी ने अपनी जादुई गेंदबाजी से विपक्षी टीम को तहस-नहस कर दिया। साक्षी ने 4.4 ओवर में महज 4 रन खर्च कर 4 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। उनका साथ निभाते हुए संजना चाहर ने 11 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि लक्की कुमारी ने भी सटीक गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके। 122 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 'ए' ने आक्रामक रुख अपनाया। सलामी बल्लेबाज सलोनी कुमारी ने मैदान के चारों ओर चौके-छक्कों की बरसात कर दी। सलोनी ने महज 36 गेंदों में 180 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 65 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 11 आकर्षक चौके और 2 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। दूसरे छोर पर श्रिष्ठि कुमारी ने समझदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 28 रन बनाए और टीम को 12 ओवर में ही 1 विकेट के नुकसान पर जीत की दहलीज के पार पहुंचा दिया। मैच में महज 4 रन देकर 4 विकेट लेने वाली साक्षी कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। इस मुकाबले में अंपायर की भूमिका एमडी शाहिद अख्तर और राजीव मिश्रा ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में अंकित अमृतराज और शिवम कुमार मौजूद रहे।

# थम नहीं रहा कथित एनकाउंटर का मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के भोजपुर जिले में भारत भूषण तिवारी की कथित एनकाउंटर में हुई मौत का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने, एफआईआर दर्ज कराने, स्वतंत्र जांच कराने और पुलिस एनकाउंटर से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। इस बीच मामले को लेकर राजनीतिक विवाद भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

अधिवक्ता नरेंद्र मिश्रा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को एक प्रतिनिधित्व सौंपा है। इसमें मांग की गई है कि 17 जून को भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव में हुई घटना की कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए। प्रतिनिधित्व में कहा गया है कि इस घटना ने कानून के शासन, संवैधानिक अधिकारों और पुलिस एनकाउंटर से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रतिनिधित्व में दावा किया गया है कि भारत भूषण तिवारी के परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और अपना पिस्तौल भी फेंक दिया था।

परिजनों का आरोप है कि सोशल मीडिया पर वायरल कुछ वीडियो भी इस बात की ओर संकेत करते हैं कि गोली चलने से पहले उन्होंने सरेंडर कर दिया था। परिवार का कहना है कि घटना के समय भारत भूषण तिवारी निहत्थे थे और यह कोई वास्तविक मुठभेड़ नहीं बल्कि एक कथित फर्जी एनकाउंटर था।

प्रतिनिधित्व में दावा किया गया है कि भारत भूषण तिवारी के खिलाफ किसी पुराने आपराधिक मामले या एफआईआर की सार्वजनिक जानकारी सामने नहीं आई है। उन्हें स्नातक शिक्षित युवक बताया गया है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से बाढ़, कटाव और जनसमस्याओं जैसे मुद्दों को उठाते थे। प्रतिनिधित्व में कहा गया है कि यदि उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया था तो वह ऐसी कोई तत्काल धमकी नहीं थे, जिसके लिए जानलेवा बल प्रयोग जरूरी हो।

### योग से जुड़ता समाज, बढ़ता सामर्थ्य : भाजपा ने पूरे बिहार में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला : संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा, बिहार प्रदेश द्वारा प्रदेश कार्यालय सहित राज्य के सभी जिला एवं मंडल स्तरों पर व्यापक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में भाजपा के संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया के अलावा सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास के साथ यह संकल्प भी लिया कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा। सभी ने स्वयं योग से जुड़ने, अपने परिवारों को इसके लिए प्रेरित करने तथा समाज में स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता का संदेश फैलाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर भीखूभाई दलसानिया ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है जिसे पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस मौके वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक स्तर पर भारत की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। योग हमारी प्राचीन विरासत ही नहीं, बल्कि स्वस्थ, समर्थ और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का सशक्त आधार भी है। इस बीच, बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को स्वस्थ और संतुलित जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर व्यक्ति को अधिक सक्षम और जागरूक बनाता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन को संतुलित, समरस और जागरूक बनाने वाली दिव्य साधना है। भाजपा द्वारा राज्य के सभी जिलों एवं मंडलों में भी योग दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## बिहार विधान सभा परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा एवं ब्रह्मकुमारीज संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बिहार विधान सभा परिसर स्थित औषधीय वाटिका में विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग एवं ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना था। इस अवसर पर अपने संबोधन में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ज्ञान और जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर है जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद योग वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति में आत्मविश्वास, एकाग्रता, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता का विकास होता है।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र-1 क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शास्त्रीनगर एवं करबिगहिया स्थित आवासीय परिसरों में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। एक घंटे तक चले योग सत्र में प्रतिभागियों ने योग गुरु के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई तथा सभी ने स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पावरग्रिड के बिहार एवं झारखंड स्थित सभी उपकेंद्रों और कार्यालयों में भी योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए योग के महत्व को समझा और नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनावमुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग के महत्व को रेखांकित करना था। पावरग्रिड प्रबंधन ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग दिवस के आयोजन के माध्यम से कर्मचारियों को स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## एसबीआई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष के योग दिवस का थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' पर प्रकाश डाला गया। शिविर में एसबीआई पटना मंडल के मण्डल विकास अधिकारी देवेश मित्तल और बैंक के करीब 50 से ज्यादा वरिष्ठ अधिकारियों तथा एसबीआई लेडिज क्लब की अन्य सदस्यों ने भाग लिया। योगाभ्यास शिविर में दैनिक जीवन में नित्य किए जाने वाले आसनों का अभ्यास किया गया। मण्डल विकास अधिकारी देवेश मित्तल ने योग शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि योग एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, दिमाग और आत्मा को एक साथ जोड़ता है जिससे सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। इस योगाभ्यास शिविर में योगाचार्य डॉ. राहुल के नेतृत्व में दैनिक जीवन में नित्य किए जाने वाले आसनों का अभ्यास किया गया। साथ ही मानवता के कल्याण के लिए पर्यावरण की सेहत के लिए तथा पृथ्वी की रक्षा के लिए कामनाएं की गईं।

## बी.डी. कॉलेज में उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बी.डी. कॉलेज में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

योग शिविर का विधिवत शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत उनके नेतृत्व में योग सत्र की शुरुआत हुई। प्राचार्य ने स्वयं योगाभ्यास कर छात्रों एवं कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. विशाल विजय, डॉ. स्वर्णा, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. राजीव कुमार, राहुल कुमार सिंह तथा रवि रंजन कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। योग शिविर का संचालन योग गुरु अमरजीत रंजन कुमार एवं योग सहायिका वासिका कुमारी की देखरेख में किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। योग सत्र के समापन पर प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का संपूर्ण विज्ञान है। उन्होंने युवाओं से मानसिक तनाव को दूर रखने, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने तथा नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने शाकाहारी भोजन के लाभों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। योग शिविर का समापन स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के संकल्प के साथ हुआ।

## जन्दाहा ओपन माइक काव्य संध्या की तैयारियां पूरी, आज से प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** युवा भारत विकास संगठन के तत्वावधान में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में आयोजित होने वाले 'जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)' कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम अपने निर्धारित समय 22 जून 2026 को अपराह्न 3:30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि मंच, ध्वनि व्यवस्था, अतिथि स्वागत एवं प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में क्षेत्र के कवि, साहित्यकार, छात्र-छात्राएं, युवा प्रतिभाएं एवं कला प्रेमी अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जय सिंह राठौर, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आनंद रंजन झा एवं मनोज साह उपस्थित रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री वर्षा ठाकुर करेंगी। आयोजकों ने सभी आगंतुकों, आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे समय की महत्ता को देखते हुए निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## बिहार विद्यापीठ के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के तहत आयोजित योग सत्र का संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका मिताली मित्रा ने किया। उनके साथ बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु वेद प्रकाश तिवारी एवं अमितेश कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ. रीना चौधरी एवं कंचन कुमारी, कार्यालय सहायक विनीता कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर ज्योति कुमारी, बिहार विद्यापीठ के लेखापाल अजय चौधरी, सहायक राकेश रमण तथा प्रवीण कुमार सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। योगाभ्यास के उपरांत आयोजित विचार-विमर्श सत्र में प्रतिभागियों ने योग की महत्ता, उसकी वैज्ञानिकता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में उसके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग की अवधारणा को रेखांकित करते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मानुशासन, मानसिक संतुलन और समग्र व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबावों के बीच अष्टांग योग का नियमित अभ्यास व्यक्ति में एकाग्रता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आत्मनियंत्रण का विकास करता है। योग शरीर, मन और चेतना के बीच सामंजस्य स्थापित कर व्यक्ति को संतुलित एवं सार्थक जीवन की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने, योग के जीवन-मूल्यों को अपने दैनिक आचरण में अपनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता एवं कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका एवं प्रेरक वक्ता पूनम कुमारी द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बिहार ग्रामीण बैंक में विशेष योग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय, पटना में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के अध्यक्ष, महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंधक सहित प्रधान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाने का संकल्प लिया। सुबह आयोजित योग शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन तथा नियमित योगाभ्यास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन स्थापित करने का भी प्रभावी साधन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने का सबसे सरल उपाय है। उन्होंने बैंक के सभी कर्मचारियों तथा आम नागरिकों से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता एवं खुशहाली की आधारशिला है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों ने किया योगाभ्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम की क्रियाएं करवायी गयी एवं इससे होने वाले बहुआयामी लाभ के संबंध में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारू रूप से कार्यशील रखने हेतु प्राणायाम एवं योग के अन्य विधाओं का अभ्यास किया। इससे पहले महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं प्रधानमंत्री के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने पूरे बिहार में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों में विभिन्न स्थानों एवं पार्कों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पटना महानगर में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पार्क में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपूजन राम ने की जबकि संचालन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने किया। योग शिविर में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने एक घंटे तक विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व समुदाय से योग को अपनाने का आह्वान किया गया था। आज उसी का परिणाम है कि योग भारत की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया में स्वास्थ्य और निरोग जीवन का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दिन की शुरुआत योग से करे तो वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फिट इंडिया के राजेश कुमार, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक बिरेंद्र चंद्रवंशी, संजय निषाद, मुकेश मंडल, रमन चंद्रवंशी, सुधा देवी, भावना शर्मा, अमरनाथ प्रसाद, रिंकू पटेल, कमलेश चंद्रवंशी, विकास कुमार, राजेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## भरत तिवारी हत्याकांड की जांच सर्वदलीय विधानसभा समिति से कराई जाए : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने रविवार को भोजपुर पहुंचकर भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने परिजनों के अलावा ग्रामीणों से भी बातचीत कर भरत तिवारी हत्याकांड से संबंधित जानकारी प्राप्त की। राजेश राम ने कहा कि भरत तिवारी की हत्या अत्यंत गंभीर और चिंताजनक घटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस ने एक संगठित सुपारी किलर गिरोह की तरह काम किया है। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी एक सामाजिक कार्यकर्ता थे, जो समाज के दबे-कुचले और वंचित लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते थे। इसी कारण वे सरकार की आंखों की किरकिरी बन गए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन ही नहीं बल्कि राज्य सरकार की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उन्होंने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच बिहार विधानसभा की सर्वदलीय समिति से कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके।

## बिहार में गन्ना उद्योग, एथेनॉल एवं जैव ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार को लेकर मंत्री ने की पुणे में निवेशकों के साथ बैठक

### गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार के दो दिवसीय अध्ययन एवं औद्योगिक दौरे का सफल समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के गन्ना उद्योग के आधुनिकीकरण, एथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार, कृषि आधारित उद्योगों में निवेश आकर्षित करने तथा किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसको लेकर गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार का पुणे में आयोजित दो दिवसीय अध्ययन एवं औद्योगिक दौरा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरा का उद्देश्य बिहार के गन्ना उद्योग के आधुनिकीकरण, एथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार, कृषि आधारित उद्योगों में निवेश आकर्षित करने तथा किसानों की आय में वृद्धि हेतु नवीन संभावनाओं का अध्ययन एवं निवेशकों के साथ संवाद स्थापित करना था। दौरे के प्रथम दिन, 20 जून को मंत्री ने वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट पुणे का भ्रमण कर उच्च उत्पादकता वाली गन्ना प्रजातियों, सतत गन्ना खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों, सहकारी चीनी मिलों की कार्यप्रणाली तथा संस्थान द्वारा विकसित टिश्यू कल्चर आधारित पौध उत्पादन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इसी क्रम में पुणे स्थित रेजिडेंसी क्लब में तिरहुत उद्योग प्राइवेट लिमिटेड और सिग्मा सोलिशन्स एलएलपी, पुणे के सहयोग से निवेशकों एवं उद्योग विशेषज्ञों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

## राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार ने की जबकि संयोजन डॉ. ज्योत्सना के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योग सत्र का संचालन संस्कृत शिक्षा बोर्ड के भवनाथ झा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए प्रारंभिक योगाभ्यास कराया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम में प्रो. उमेश शर्मा, डॉ. शिवानंद शुक्ल, डॉ. विवेकानंद पासवान, डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. शबाना शिरीन, समाजसेवी अजय कुमार, प्रधान कार्यालय सहायक ऋषि कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, शत्रुध्न राय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महाविद्यालय अवकाश पर रहने के बावजूद लगभग 50 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर योग के प्रति अपनी रुचि और जागरूकता का परिचय दिया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार ने योग की महत्ता और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. मृत्युंजय झा ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी तथा राज्य के 648 संस्कृत विद्यालयों में नियमित योग कार्यक्रम संचालित करने पर बल दिया।

CMYK

नवबिहार टाइम्स
बोकारो,सोमवार 22 जून 2026

# संपादकीय

## सुरक्षित नहीं बचपन, अस्पतालों तक पहुंचा बाल तस्करी का संगठित कारोबार

सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है।सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में बाल तस्करी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसका जाल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि सीमा पार तक फैला हुआ है। विभिन्न राज्यों में सक्रिय गिरोह छोटे बच्चों से लेकर नवजात शिशुओं का अपहरण करते हैं और बाद में उनकी खरीद-फरोख्त की जाती है। हैरत इस बात की है कि इन आपराधिक गतिविधियों में ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जो लोगों का जीवन बचाने के पेशे से जुड़े हुए हैं।दिल्ली में गुरुवार को बाल तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश होना बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में एक चिकित्सक एवं अस्पताल का मालिक भी शामिल है, जो निस्संतान दंपतियों में से संभावित खरीदारों की पहचान करता था। अगर देश की राजधानी के किसी अस्पताल में ही इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, तो दूसरे शहरों में कानून-व्यवस्था की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है। दिल्ली पुलिस ने बाल तस्करी में जिन तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वे काफी समय से विभिन्न राज्यों में सक्रिय थे। वे बच्चों का अपहरण कर उन्हें दिल्ली लाते थे और यहां एक निजी अस्पताल में उन्हें रखा जाता था। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पिछले डेढ़ साल में तीस से अधिक बच्चों को बेच चुका है।सवाल यह भी कि पुलिस को इस गिरोह की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई? क्या पुलिस का निगरानी एवं खुफिया तंत्र इतना कमजोर है कि उसे अस्पताल जैसे सार्वजनिक संस्थानों में चल रही आपराधिक गतिविधियों की भी जानकारी नहीं मिल पाती है? जाहिर है कि जब तक पुलिस प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त और जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी तरह के अपराध पर अंकुश नहीं लग पाएगा।

**भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर चल रहा है, लेकिन जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी कुपोषित आबादी बसती हो, वहां यह संकल्प किस आधार पर खड़ा होगा? केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-छह के आंकड़े देश में बाल-पोषण की जो तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, वह एक साथ कुछ उत्साह और अधिक चिंता का विषय है। यह सर्वेक्षण देश के सैकड़ों जिलों में लाखों परिवारों के बीच कराया गया।**

## हर तीसरा बच्चा विकास से पीछे, कुपोषण का कुचक्र तोड़ने की सबसे बड़ी चुनौती

**(सुनिधि मिश्रा)**

इसके निष्कर्ष बताते हैं कि जिन मोर्चों पर सरकारी योजनाओं ने प्रगति दिखाई है, उन्हीं के समांतर पोषण-सूचकांकों की एक परेशान करने वाली तस्वीर भी सामने है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अवरुद्ध विकास अर्थात कद छोटा रहने की दर में पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ गिरावट अवश्य आई है, लेकिन इसका सीधा अर्थ यह है कि देश का हर तीसरा बच्चा अपनी उम्र के अनुसार समुचित ऊंचाई नहीं पा सका है।

तीव्र कुपोषण अर्थात कद के अनुपात में कम वजन की स्थिति और भी विकट है। राष्ट्रीय स्तर पर पांच में से एक बच्चा इस अवस्था से पीड़ित है और कुछ राज्यों में तो यह हर चौथे बच्चे तक पहुंच गया है। कम वजन वाले बच्चों की संख्या में भी वास्तविक सुधार नहीं हुआ है। राष्ट्रीय औसत लगभग वहीं ठहरा हुआ है, जहां पिछले सर्वेक्षण में था। तीव्र कुपोषण की यह अवस्था बच्चे की तात्कालिक दुर्दशा का संकेत है, यानी वह इस समय भूखा है, बीमार है और उसके शरीर की मांग के अनुसार उसे भोजन नहीं मिल रहा।

एक पहलू जो विशेष रूप से सोचने को विवश करता है, वह है एनीमिया से संबंधित आंकड़ों की अनुपस्थिति। पिछले सर्वेक्षण ने जब बताया था कि पांच वर्ष से कम आयु के दो-तिहाई से अधिक बच्चे और आधी से अधिक महिलाएं रक्ताल्पता की शिकार हैं, तो वे आंकड़े न केवल चौंकाने वाले थे, बल्कि 'एनीमिया मुक्त भारत अभियान' जैसी महत्त्वाकांक्षी सरकारी योजना की जमीनी विफलता को भी उजागर करते थे। सर्वेक्षण में इन संकेतकों को सूची से ही बाहर कर दिया गया है।

किसी भी लोकतंत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य के आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। जब वे आंकड़े ही गायब हो जाएं, तो नीति किस आधार पर बनेगी और जनता किस आधार पर जवाब मांगेगी? यह प्रश्न अनुत्तरित नहीं रहना चाहिए।

शिशु पोषण के क्षेत्र में स्तनपान और पूरक आहार की स्थिति भी गंभीर चिंता पैदा करती है। कुछ ही वर्षों में छह माह तक स्तनपान की दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जो माताएं पहले अपने शिशुओं को पर्याप्त समय तक स्तनपान कराती थीं, उनकी संख्या तेजी से घट रही है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि छह से तेईस माह के केवल बारह फीसद बच्चों को ही न्यूनतम स्वीकार्य आहार मिल पा रहा है।

पोषण-विज्ञान बार-बार यह रेखांकित करता है कि जन्म से दो वर्ष की आयु तक के एक हजार दिन बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से सर्वाधिक निर्णायक होते हैं। यदि इस अवधि में पोषण कम हो जाए, तो उसकी भरपाई उम्र भर नहीं होती। यह तथ्य इन आंकड़ों को और भी गहरा और कठोर बना देता है।



यह समझना आवश्यक है कि कुपोषण का यह संकट एक समान नहीं फैला है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, उच्च और निम्न आय वर्गों, सामान्य और अनुसूचित जाति तथा जनजातीय समुदायों के बीच पोषण की विषमता गहरी है। जो जिले पहले से ही विकास की दौड़ में पीछे हैं, वहां बच्चों और महिलाओं के शरीर में खून की कमी भी सबसे अधिक है। कुपोषण के सभी रूप विकट हैं। गरीबी, पिछड़ापन और कुपोषण एक-दूसरे को और गहरा करते हैं।

सवाल यह है कि जब विकास के लाभ इन खाइयों को नहीं पाट पाते, तो राष्ट्रीय औसत किसकी कहानी बयान कर रहा है? कुपोषण को केवल स्वास्थ्य विभाग का विषय मानना उसकी गहराई और व्यापकता को नकारना होगा। एक कुपोषित बच्चे का मस्तिष्क उतना विकसित नहीं हो पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन मानता है कि कुपोषण से होने वाली उत्पादकता की हानि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डालती है।

भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर चल रहा है, लेकिन जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी कुपोषित आबादी बसती हो, वहां यह संकल्प किस आधार पर खड़ा होगा? यह प्रश्न केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय नैतिकता का भी है।

महंगाई ने निर्धन परिवारों की थाली से दाल, हरी सब्जियां और दूध को और दूर कर दिया है। उधर, बाजार ने गांवों में पोषणरहित प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की पहुंच सुनिश्चित कर दी है, जिनमें शर्करा और वसा तो भरपूर होती है, लेकिन शरीर के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्त्व नहीं। सर्वेक्षण-छह स्वयं इस दोहरे बोझ की ओर इशारा करता है। एक तरफ अल्पपोषण और दूसरी तरफ बड़ी संख्या में वयस्कों में मोटापे और मधुमेह की बढ़ती दर।

इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन भी खाद्य विविधता पर अप्रत्यक्ष प्रहार कर रहा है। असमान वर्षा और बढ़ते तापमान से छोटे किसानों का उत्पादन प्रभावित होता है।

किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के पोषण की अनदेखी की समस्या बेहद गंभीर है। कुपोषित माता से जन्मा शिशु कम वजन का होता है और जन्म के पहले दिन से ही पोषण की कमी का बोझ उठाता है। पिछले सर्वेक्षण ने बताया था कि देश की अधिकांश किशोरियां और गर्भवती महिलाएं रक्ताल्पता से पीड़ित हैं। यह संख्या इतनी बड़ी है कि इसे अपवाद नहीं कहा जा सकता। जब तक किशोरावस्था से लेकर मातृत्व तक के पूरे जीवन-चक्र में पोषण सुनिश्चित नहीं होता, तब तक यह कुचक्र नहीं टूटेगा।

इस परिदृश्य में सरकारी प्रयासों का तटस्थ मूल्यांकन भी आवश्यक है। पोषण अभियान और आंगनबाड़ी के अंतर्गत लाखों केंद्रों को संसाधन और प्रशिक्षण दिए गए हैं। प्रधानमंत्री पोषण योजना के माध्यम से स्कूलों में पका भोजन करोड़ों बच्चों तक पहुंच रहा है। सर्वेक्षण-छह यह भी बताता है कि प्रसव लगभग पूरी तरह संस्थागत हो चुके हैं और बच्चों का टीकाकरण भी संतोषजनक स्तर तक पहुंच गया है। ये उपलब्धियां वास्तविक हैं।

मगर राशन की गुणवत्ता तथा विविधता अभी भी संतोषजनक नहीं है। केवल अनाज और दाल वितरित करने से पोषण नहीं मिलता। इसके लिए परिवार में यह जागरूकता भी होनी चाहिए कि क्या खाना है और क्या नहीं।

इस संकट से पार पाने का रास्ता किसी एक विभाग या किसी एक योजना से नहीं निकलेगा। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और पेयजल-स्वच्छता, इन सभी क्षेत्रों के बीच वास्तविक और क्रियाशील समन्वय बेहद जरूरी है।

स्थानीय और पारंपरिक अनाज जैसे बाजरा, ज्वार, रागी और कोदो की थाली में वापसी तभी संभव होगी, जब वे सस्ते हों और आम लोगों के लिए सुलभ हों। साथ ही उनके पोषण-गुणों के बारे में परिवारों को जानकारी होनी चाहिए। सरकार का 'श्री अन्न' कार्यक्रम सही दिशा में है, लेकिन उसे जन-जागरूकता और बाजार-सुलभता से जोड़े बिना वह नीतिगत घोषणा से आगे नहीं बढ़ पाएगा।

## कानून सम्मत 'अनैतिकता' के दौर में भारतीय राजनीति

**(रंगनाथ सिंह)**

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार सरकार बनाकर इतिहास रचा मगर इससे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के टूट को लेकर हो रही है। शायद यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव के ठीक बाद सत्ता में रहे दल के दो-तिहाई विधायक और सांसद बगावत कर बैठे हों।

ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक टीएमसी विधायक दल और संसदीय दल के टूटने के कानूनी नुक्तों की व्याख्या कर रहे हैं। ऐसा ही एक नुक्ता था, दो-तिहाई संसदीय दल को अलग होने के लिए किसी दल में विलय करना होगा। फिर खबर आयी कि टीएमसी के बागी सांसद एक नामालूम से क्षेत्रीय दल एनसीपीआई में शामिल हो रहे हैं।

इसी तरह की नुक्ताचीनी टीएमसी के बागी विधायक दल के नेता ऋतव्रत बनर्जी को नेता विपक्ष का दर्जा देने को लेकर भी की गयी। राजनीतिक जानकार इस बात की खाल निकाल रहे हैं कि सदन में विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार पार्टी का है या विधायक दल खुद ही अपना नेता चुन सकता है।

टीएमसी के अंदर फूट का मुद्दा अभी ठण्डा भी नहीं हुआ था कि शिव सेना (यूबीटी) के अन्दर टूट की खबर आ गयी। शिव सेना चार साल पहले ही टूटी थी। तब पार्टी नेता एकनाथ शिंदे ने पार्टी की कमान और निशान पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। पार्टी संस्थापक बालासाहब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे के गुट ने अपना नाम शिव सेना - यूबीटी (उद्धव बालासाहब ठाकरे) रखा। अब वह गुट भी टूट गया। शिव सेना के अलावा महाराष्ट्र के एक अन्य दिग्गज शरद पवार की पार्टी एनसीपी में भी टूट हुई और वह दो धड़ों में बँट गयी।

टीएमसी से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसदों की बगावत और भाजपा में विलय का मुद्दा राजनीतिक शुचिता के बजाय दलबदल कानून की नुक्ताचीनी का शिकार हो कर रह गया। इस तरह के मामलों की लिस्ट बनाते जाएँ तो पिछले एक दशक में दस से ज्यादा मामले याद दिलाए जा सकते हैं जिनमें खुली राजनीतिक अनैतिकता को कानूनी नुक्ते से विश्लेषित करने की होड़ लगी रही।

टीएमसी के दो-तिहाई सांसदों द्वारा पार्टी तोड़कर किसी अन्य दल में शामिल होना कानूनी रूप से सही हो तब भी यह नहीं झुठलाया जा सकता है कि इनमें से ज्यादातर टीएमसी के टिकट पर चुनाव जीते थे और उनकी जीत में ममता बनर्जी और उनकी पार्टी का बड़ा योगदान है। चूँकि लोक सभा चुनाव 2029 में होने हैं इसलिए इन नेताओं को तत्काल जनता के बीच जाने का डर नहीं है। कुछ को यह भी भरोसा होगा कि जिस तरह विधान सभा चुनाव में हिन्दुत्व की लहर चली उसी तरह आगामी लोक सभा में भी बंगाल में भगवा लहराएगा। इसलिए इन सांसदों ने कानून-सम्मत अनैतिकता का रास्ता चुन लिया।

भारत विभाजन के बाद जब नए देश के संविधान का निर्माण हुआ तब किसी नीति-निर्माता को इस तरह की स्थिति का अंदाज नहीं था। आजादी मिलने के बाद कई दशकों तक ऐसे किसी कानून की जरूरत नहीं महसूस की गयी। दलबदल कानून संविधान लागू होने के करीब 35 साल बाद राजीव गांधी शासन में बना। मगर दलबदल कानून बनने के बावजूद इस प्रवृत्ति पर रोक नहीं लग सकी क्योंकि जिस समाज में नैतिकता का ह्रास होने लगे वहाँ कानून की सीमा संकुचित हो जाती है।

अब दलबदल नैतिकता या जनता को धोखा देने का मसला नहीं रहा बल्कि कानूनी नुक्ते दुरुस्त रखने का विषय हो चुका है। अगर सारे कानूनी पेंच चुस्त रखें जाएँ तो अपना दल या दूसरे का दल तोड़ने में किसी को संकोच नहीं होता बस सत्ता मिलनी चाहिए। टीएमसी के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। टीएमसी समर्थकों के बिफरने पर आलोचकों ने उन्हें याद दिलाया कि साल 2021 में मेघालय कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों ने टीएमसी में अपना विलय कर लिया था। यानी टीएमसी को भी तब नैतिकता की याद नहीं आयी जब दूसरी पार्टी के विधायक अपनी पार्टी तोड़कर उसमें शामिल हो रहे थे। कहना न होगा, वर्तमान भारतीय राजनीति कानून सम्मत अनैतिकता के दौर में जी रही है। लगता है कि किसी नेता या पार्टी की आत्मा पर राजनीतिक शुचिता का बोझ नहीं बचा है। इसलिए अब जनता को ही फैसला करना होगा कि दलबदलुओं को दुबारा वोट देना चाहिए या नहीं! (यह लेखक के अपने विचार है)

## दृष्टिकोण बदलते ही खुलने लगती हैं जीवन की नई संभावनाएं

**(संध्या अग्रवाल)**

**मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह सीख सकता है और बदल सकता है। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां तुलना बहुत सहज हो गई है। हम अक्सर जीवन को एक तय कहानी की तरह देखने लगते हैं। जैसे हम वही हैं जो इस समय हैं और हमारे भीतर बदलने की कोई विशेष गुंजाइश नहीं है। हम अपनी पहचान को अपने वर्तमान हालात, उपलब्धियों या असफलताओं के आधार पर स्थिर मान लेते हैं। मगर सच यह है कि मनुष्य का जीवन किसी स्थिर रूप में बंधा हुआ नहीं होता। वह हर दिन अपने विचारों, अनुभवों और निर्णयों से बनता और बदलता रहता है। जीवन केवल घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि उन्हें देखने और समझने की प्रक्रिया भी है।**

हम अपने बारे में जो मान लेते हैं, वही धीरे-धीरे हमारे व्यवहार का आधार बन जाता है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को कमजोर मानता है, तो वह चुनौतियों का सामना करने से पहले ही पीछे हटने लगता है। वह जोखिम लेने से बचता है और अवसरों को खो देता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति स्वयं को सीखने और बदलने योग्य मानता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी रास्ते खोजने लगता है।यही अंतर आगे चलकर उसके जीवन की दिशा निर्धारित करता है। यहीं से यह समझ विकसित होती है कि जीवन केवल परिस्थितियों का परिणाम नहीं है, बल्कि दृष्टिकोण का भी परिणाम है। कोई समस्या मानकर रुक जाता है, तो कोई उसे अवसर मानकर आगे बढ़ता है।

हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां तुलना बहुत सहज हो गई है। सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया की चमक ने हमारे देखने के तरीके को प्रभावित किया है। हम दूसरों के जीवन का वह हिस्सा देखते हैं, जो सबसे बेहतर होता है, लेकिन उसके पीछे छिपा संघर्ष नहीं देख पाते।

परिणाम यह होता है कि हम अपने जीवन को कमतर आंकने लगते हैं और यह मान लेते हैं कि हम पीछे हैं। यह तुलना धीरे-धीरे हमारे आत्मविश्वास को कमजोर करती है। व्यक्ति अपनी क्षमताओं पर संदेह करने लगता है। जबकि वास्तविकता यह होती है कि वह केवल एक अधूरी तस्वीर के आधार पर खुद को परख रहा होता है। यह स्थिति व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप से दूर कर देती है।

कई बार हम अपने अतीत के अनुभवों को ही अपनी पहचान बना लेते हैं। कुछ असफलताएं, कुछ गलत निर्णय या कुछ सीमित अवसर हमारे भीतर यह धारणा बना देते हैं कि हम ऐसे ही हैं और इससे आगे नहीं बढ़ सकते। धीरे-धीरे यह धारणा हमारी सोच की सीमा बन जाती है। अगर हम ठहरकर विचार करें, तो यह स्पष्ट होता है कि अतीत केवल एक अनुभव है, अंतिम सत्य नहीं।

मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह सीख सकता है और बदल सकता है। इतिहास और समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां लोगों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने जीवन की दिशा बदली है। यह बदलाव किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि सोच में आए परिवर्तन से संभव हुआ है।



परिवर्तन का आरंभ भीतर से होता है। जब हम खुद को नए नजरिए से देखने लगते हैं, तो हमारी संभावनाएं भी खुलने लगती हैं। जो बातें पहले असंभव लगती थीं, वे धीरे-धीरे संभव लगने लगती हैं। यह बदलाव एक दिन में नहीं आता, बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों और निरंतर अभ्यास से विकसित होता है। जो व्यक्ति हर समस्या को केवल बाधा मानता है, वह जल्दी हार मान लेता है। मगर जो व्यक्ति उसी समस्या को सीख के रूप में देखता है, वह समाधान खोजने का प्रयास करता है। धीरे-धीरे यही प्रयास उसे आगे बढ़ाते हैं और व्यक्ति अपने भीतर नई क्षमताएं विकसित कर लेता है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं है। इसका अर्थ यह है कि हम समस्याओं को स्वीकार करते हुए भी उनसे घबराते नहीं हैं, बल्कि उनका सामना करने की मानसिक तैयारी रखते हैं। यही तैयारी व्यक्ति को मजबूत बनाती है।

हम अक्सर बाहरी बदलावों के पीछे भागते हैं– बेहतर नौकरी, बेहतर साधन, बेहतर माहौल। मगर भीतर का नजरिया नहीं बदलता, तो बाहर की उपलब्धियां भी स्थायी संतोष नहीं दे पातीं। इसके विपरीत, व्यक्ति का दृष्टिकोण संतुलित और सकारात्मक हो, तो वह सीमित परिस्थितियों में भी संतोष और अर्थ खोज सकता है।

इसीलिए जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि हमारे पास क्या है, बल्कि यह है कि हमारे पास जो है, उसे किस दृष्टि से देख रहे हैं। एक ही स्थिति किसी के लिए अभाव बन सकती है और किसी के लिए अवसर। यह पूरी तरह हमारे सोचने के तरीके पर निर्भर करता है।

धीरे-धीरे यही सोच हमारे जीवन का स्वरूप तय करती है। अगर हम खुद को सीमाओं में देखेंगे, तो हमारा जीवन भी सीमित होता जाएगा, लेकिन हम अपने भीतर संभावनाएं देखना शुरू करेंगे, तो जीवन का विस्तार अपने आप होने लगेगा। यही वह बिंदु है, जहां व्यक्ति अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेने लगता है। यह समझना आवश्यक है कि जीवन कोई स्थिर ढांचा नहीं है। यह एक निरंतर बनने और बदलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका हमारे विचारों, दृष्टिकोण और निर्णयों की होती है। हम जैसे अपने जीवन को देखते हैं, वैसा ही जीवन धीरे-धीरे हमारे सामने आकार लेने लगता है। आज के समय में, जब मानसिक तनाव, असंतोष और आत्म-संदेह जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम अपने दृष्टिकोण पर ध्यान दें। केवल बाहरी उपलब्धियों से जीवन संतुलित नहीं होता, बल्कि भीतर की स्पष्टता और संतोष भी उतने ही आवश्यक हैं। अगर हम अपने भीतर सकारात्मक और यथार्थवादी

# योग के माध्यम से जिलाधिकारी ने दिया स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**अररिया।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, अररिया द्वारा खेल भवन, अररिया में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम " योगा फॉर हेल्दी एजिंग रही, जिसके माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अगुवाई में पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों, तथा युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित योग के महत्व तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने की एक सतत प्रक्रिया है। नियमित योगाभ्यास से तनाव में कमी आती है, कार्यक्षमता बढ़ती है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने तथा परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मसंयम एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया। उन्होंने डेली रूटीन में योग को शामिल करने साथ-साथ जिला वासियों एवं विशेष रूप से जिले के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशे की कुरीति से दूर रहें और योग से जुड़कर अररिया जिला को नशा मुक्त बनाएं। योग कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता अररिया डॉ. राम बाबू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, सिविल सर्जन अररिया, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई अररिया, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अररिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया, जिला खेल पदाधिकारी अररिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# आरआईटीएम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज (अररिया)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक अनिकेत गोस्वामी के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से एकाग्र तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षाप्रेमी कैलाश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में संस्थान के उप निदेशक एस. बी. कुमार, प्राचार्य डॉ. रशीद हुसैन, डीजीएम (वित्त) लक्ष्मी नारायण मिश्रा, उप प्रशासनिक पदाधिकारी नीरज कुमार, मोना झा, इंदु कुमारी सहित संस्थान के अन्य संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक अनिकेत गोस्वामी ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। अपने संबोधन में उप निदेशक एस. बी. कुमार ने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. रशीद हुसैन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। योग विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान के चेयरमैन महाबीर प्रसाद रुंगटा ने अपने संदेश में कहा, "योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य देन है। आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धी जीवन में योग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी परीक्षा में सफल होकर बरारी के कुमार गौरव सैनी बने अंचल पदाधिकारी

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरारी नगर पंचायत के एक होनहार युवा ने बिहार लोक सेवा आयोग बीपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंचल पदाधिकारी सीओ पद की पात्रता हासिल कर अपने परिवार समाज तथा पूरे बरारी क्षेत्र का मान बढ़ाया है।इस उपलब्धि से नगर पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और गर्व का माहौल व्याप्त है। नगर पंचायत निवासी दीपनारायण मालाकार के पौत्र बौध नारायण मालाकार के पुत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम एवं सामाजिक चेतना के प्रतीक रहे क्रांति योद्धा स्वर्गीय नक्षत्र मालाकार के प्रपौत्र कुमार गौरव सैनी ने बिहार लोक सेवा आयोग बीपीएससी की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंचल पदाधिकारी पद के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की है।वर्तमान में कुमार गौरव सैनी भारतीय रेलवे के कोलकाता मेट्रो रेल में असिस्टेंट चीफ कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं।नौकरी की व्यस्तताओं के बीच उन्होंने कठिन परिश्रम दृढ़ संकल्प एवं लगन के बल पर बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की।उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है।कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।कुमार गौरव सैनी की सफलता से मालाकार परिवार में हर्ष का माहौल है।परिजनों मित्रों शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### मो. लुतफूर रहमान ने एसडीएम पद पर चयनित होकर जिले का नाम किया रोशन

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के निमौल पंचायत के करार निमौल गांव के मो. लुतफूर रहमान पिता स्वर्गीय मो. वसीऊददीन ने 70 वीं बीपीएससी परीक्षाफल में 144वीं रैंक के साथ एसडीएम पद पर चयनित होने पर अपने गांव के साथ साथ पूरे कटिहार जिला का नाम रौशन किया है। मामा जाकिर हुसैन एवं रिजवान अहमद ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व इनके वालिद का इंतकाल हो जाने के बाद चार भाई एंव पांच बहनें बेसहारा हो गया था। परन्तु जिंदगी से हार न मानकर मां राजिया शाह बानू के साथ बड़े भाई अहमद रेजा ने बहुत ही कम उम्र में सिर्फ खेती करके घर को संभालते हुए अपनी बड़ी बहन शगुफ़्ता शाह बानू को शिक्षक बनाया। फिर दूसरे भाई मो. आरिफ आलम को सिविल इंजीनियर बनाया। उसके बाद तीसरे भाई को इस मुकाम पर पहुंचाया। बाकी भाई मो. एखलाक हुसैन एंव बहन - साईसता शहर बानू, शबनम शहर बानू, संजिदा शहर बानू एवं रेहाना नमाज भी पढ़ाई में काफी माहिर हैं।मो. लुतफूर रहमान क्रिसेंट पब्लिक स्कूल किशनगंज से 10 वीं ,12 वीं तथा ग्रेजुएशन एएमयू अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई हासिल की है।



### मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में हुआ विश्व योग दिवस पर योग शिविर आयोजित

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के विशाल सभागार में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर छात्रावास के 450 छात्र एवं अन्य गणमान लोग तथा विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित होकर योग कार्य में भाग।लिया इस योग शिविर में मकरासन, पद्मासन, ब्रज आसन,नौकासान, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि योग कराया गया।इस अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ संजय प्रधान ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं एक्यूप्रेशर के टिप्स बताएं।वही वरिष्ठ बुद्धिजीवी कृपा शंकर द्विवेदी जी ने बच्चों को योग के लाभ लेने की बातें कहीं। उन्होंने बताया कि इस योग के माध्यम से कई रोगों का इलाज किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी अभिनंदन नौटियाल राजेश गुप्ता शेखर चौधरी प्राचार्य पाराशर त्यागी संजय मंडल कौशिक घोष विक्की प्रद्युत मंडल विकास पवित्र मंडल सभी घोष सुभाजित मृणाल प्रधान आदि ने भी योग शिविर में भाग लिया।

### ठनका की चपेट में आने से एक की मौत

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की रात्रि मेघ गर्जन तथा ठनका के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। जिनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में अलग-अलग जगह पर हो रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैरिया चांदपुर गांव के लोग महानंदा नदी में मछली मारने के लिए शनिवार की रात्रि आए थे। मेघ गर्जन तथा ठनका के चपेट में आने से बैरिया चांदपुर निवासी मोहम्मद साबिर (35) पिता मोहम्मद राबुल की मछली मारने के दौरान मौके पर ही मौत हो गई। जबकि झुंड में मछली मार रहे आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोहम्मद अमजद (24), मोहम्मद दिलबर (37), मोहम्मद शमी आलम (30), मोहम्मद फैजान आलम (2 8) मोहम्मद तौसीफ राजा (21) सहित आधा दर्जन से अधिक लोग ठनका के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थिति की नजाकत को देखते हुए परिजनों द्वारा पूर्णिया कटिहार सिलीगुड़ी आदि सहित कई जगहों पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज कर रहे हैं। मृतक मोहम्मद साबिर की पत्नी एक बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक मोहम्मद साबिर के अलावे उक्त परिवार में कमाने वाला और कोई नहीं बचा है।

### अरुण चौधरी सरस्वती शिशु मंदिर बरमसिया में उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के अरुण चौधरी सरस्वती शिशु मंदिर बरमसिया में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं दीप-ज्योति वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अमित कुमार गुप्ता उर्फ ह्यबबलू गुप्ता, स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्यगण, अभिभावक बंधु, आचार्य-दीदी जी, कर्मचारी बंधु, पूर्व छात्र तथा बड़ी संख्या में भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में लगभग 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित रंजन भारद्वाज द्वारा किया गया। लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पद्मासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कोढ़ा में सामूहिक योगाभ्यास

## जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोढा (कटिहार)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोढ़ा नगर पंचायत स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय कोढ़ा के प्रांगण में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोढ़ा विधायक कविता पासवान एवं जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने मुख्य रूप से भाग लेते हुए छात्राओं, शिक्षकों एवं आमजन के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधायक कविता पासवान और जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के महत्व को समझते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विधायक कविता पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि, ह्योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक संतुलन भी प्रदान करता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि हम नियमित योग करें, तो कई बीमारियों से बच सकते हैं।विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सिंह, शिक्षक पंकज जयसवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# मनिहारी के लाल प्रशांत कुमार यादव बने एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के छोटी हंसवर गांव निवासी अनंत कुमार यादव के सुपुत्र प्रशांत कुमार यादव ने बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 154 वीं रैंक प्राप्त कर अनुमंडलाधिकारी का पद हासिल किया है। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे मनिहारी एवं कटिहार जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। वर्तमान में प्रशांत कुमार यादव पूर्णिया में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। लगभग 8 वर्षों की कठिन मेहनत, लगन और निरंतर तैयारी के बाद उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रशांत तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे हैं। उनके पिता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार हैं। जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

प्रशांत की माता ने बताया कि बचपन से ही वह पढ़ाई में बेहद मेधावी रहे हैं और हर प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते थे। उनकी सफलता का सपना आज साकार हुआ है, जिससे पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अपनी सफलता पर प्रशांत कुमार यादव ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर पूरी ईमानदारी, अनुशासन और फोकस के साथ तैयारी करें।

# भारत स्काउट एवं गाइड एवं एक लक्ष्य भारत संस्था ने मनाया योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** एकलक्ष्य भारत संस्था एवं भारत स्काउट एवं गाइड जिला कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एसआरएन पब्लिक स्कूल नवनीत नगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में लीडर ट्रेनर स्काउट सह राज्य योग प्रशिक्षक महत्तम चौधरी ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मुख्य आयुक्त दिनेश दुबे ने विद्यालय परिवार के निदेशक आशीष झा, प्रधानाचार्य पांडव चौधरी, शिक्षक अजय कुमार तथा समस्त विद्यालय परिवार को योग दिवस के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। क्योंकि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और इससे शरीर एवं मन दोनों निरोग रहते हैं।वहीं जिला आयुक्त स्काउट डॉ. आशीष रंजन ने नियमित योगाभ्यास के लाभों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की तथा इसके लिए उनके अभिभावकों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आशीष झा ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। आज के आधुनिक एवं तनावपूर्ण जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे नियमित रूप से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तो उनका शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास बेहतर होगा।कार्यक्रम के अंत में योग दिवस में सक्रिय सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बीपीएससी में 526 वीं रैंक लाकर जिला नियोजन पदाधिकारी बने मनोरंजन कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के सेमापुर क्षेत्र के अमीनाबाद मिल टोला निवासी बाल किशोर सिंह के पुत्र मनोरंजन कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 526वीं रैंक हासिल कर जिला नियोजन पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। मनोरंजन कुमार इससे पहले रेलवे विभाग में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत थे। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से बीपीएससी परीक्षा की तैयारी जारी रखी। कठिन परिश्रम के परिणामस्वरूप उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। मनोरंजन कुमार की सफलता पर पिता बाल किशोर सिंह,माता अनीता देवी, भाई विवेक कुमार और बहन ज्योति कुमारी ने खुशी जताई। परिजनों ने कहा कि यह सफलता मनोरंजन की मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।स्थानीय लोगों ने बताया कि मनोरंजन कुमार शुरू से ही मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। बधाई देने वालों में अजय कुमार सिंह, बालमुकुंद,अखिलेश कुमार सिंह, संजय सिंह,सुदामा तिवारी,जोहोर आलम, बकरुद्दीन अंसारी, सहित अन्य लोग शामिल रहे। लोगों ने मनोरंजन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संघर्ष और सेल्फ स्टडी से रची सफलता

## बारसोई की बेटी ऐश्वरी बनी बीपीआरओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बारसोई (कटिहार)।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के अंतिम परिणाम में बारसोई की बेटी ऐश्वरी कुमारी ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऐश्वरी को 4325वीं रैंक प्राप्त हुई है तथा उनका चयन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारीबीपीआरओ पद के लिए हुआ है। बारसोई बाजार स्थित विष्णु मंदिर के समीप रहने वाली ऐश्वरी अशोक कुमार रजक एवं भारती देवी की पुत्री हैं। दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी ऐश्वरी ने वर्ष 2014 में उच्च विद्यालय बारसोई से मैट्रिक तथा 2016 में डीएस कॉलेज कटिहार से आईएससी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने 2018 से 2022 तक नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। बीटेक के बाद उन्होंने पूरी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की।ऐश्वरी ने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार की कोचिंग नहीं ली और केवल सेल्फ स्टडी के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने 68वीं और 69 वीं बीपीएससी परीक्षा में भी प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगातार दो असफलताओं के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और तीसरे प्रयास में सफलता प्राप्त कर ली।उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति काफी साधारण थी। उनके पिता एलआईसी एजेंट होने के साथ-साथ एक छोटी कपड़े की दुकान भी चलाते हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद माता-पिता ने हर कदम पर उनका सहयोग किया। ऐश्वरी ने कहा कि पीछे लौटने का कोई विकल्प नहीं था। इसलिए लगातार आगे बढ़ने का संकल्प बनाए रखा। ग्रामीण विद्यार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज ऑनलाइन माध्यम से सभी अध्ययन सामग्री उपलब्ध है। लगन और मेहनत के साथ तैयारी करने पर सफलता अवश्य मिलती है।

### अल करीम विश्वविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अल करीम विश्वविद्यालय के खेल मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुलपति प्रो.सैयद मोइद अहमद, प्रशासनिक अधिकारियों सहित अधीनस्थ कालेज एवं विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, कटिहार मेडिकल कालेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीबा हुसैन, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। कुलपति ने कहा कि योग ऐसा व्यायाम है,जिसमें किसी उपकरण की मदद नहीं लेनी पड़ती है। साथ हीं शरीर को निरोग रखने में इसकी काफी महत्ता है।उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि इसका जन्म भारत में हीं हुआ और आज पूरा विश्व इसे अपना रहा है।कुलपति ने कहा कि इसकी महत्ता को मानते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2014 में एक प्रस्ताव के जरिये 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित कर दिया है।

# कटिहार रेल मंडल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता






**कटिहार।** एनएफ रेलवे के कटिहार मंडल में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोशी अधिकारी क्लब एवं फणीश्वर नाथ रेणु प्रेक्षागृह में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीआरएम किरेंद्र नरह और रेलवे महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नरह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले डीआरएम किरेंद्र नरह एवं अन्य अधिकारीगण कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं प्रधानमंत्री के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए ।

कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह्य तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान ह्यजन गण मनह्य के सामूहिक गायन के साथ हुआ ।मौके पर रेल अधिकारियों द्वारा योग गुरु अभिषेक कुमार और उनके टीम का शाल ओढाकर , पौधा देकर स्वागत किया गया। उसके बाद योग गुरु अभिषेक कुमार द्वारा सभी रेल अधिकारियो को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह और रेल महिला समिति अध्यक्षा निवेदिता नरह के नेतृत्व में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने सामूहिक योगाभ्यास कर तनावमुक्त , स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वही इस वर्ष योग का आधिकारिक विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। इस अवसर पर डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। प्रत्येक रेलकर्मी को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।वही रेल महिला समिति अध्यक्षा निवेदिता नरह ने कहा कि "योग स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन की कुंजी है। जिसके नियमित योग से परिवार और समाज दोनों स्वस्थ एवं सशक्त बनते हैं।"वही सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने सभी रेलकर्मियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील कीया। इस अवसर पर डीआरएम किरेंद्र नरह के साथ रेल महिला समिति अध्यक्षा निवेदिता नरह, उपाध्यक्ष पूजा सिंह, सचिव मंजरी पाल सहित एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह, सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस, सीनियर डीएन प्रभात कुमार सिंह सहित सभी रेल अधिकारी, महिला समिति के पदाधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि, स्कॉट एंड गाइड आदि के लोग मौजूद थे।

# ग्रे लिस्ट में 3 बार रहा है पाकिस्तान, एफएटीएफ में भारत के टॉप रोल में आने का इस्लामाबाद के लिए मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ) के वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए भारत का चुना जाना एक बड़ी कूटनीतिक और रणनीतिक जीत मानी जा रही है। खासकर इसलिए क्योंकि मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर नजर रखने वाली इस ग्लोबल संस्था के साथ पाकिस्तान का इतिहास काफी मुश्किलों भरा रहा है। सीनियर भारतीय अधिकारी विवेक अग्रवाल को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। पेरिस में स्थित यह संस्था मनी




लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग से निपटने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड तय करती है। विदेश मंत्रालय ने इस घटनाक्रम को बीते दिन 'भारत के लिए एक बड़ी जीत' बताया। कहा कि इससे आतंकवाद के प्रति नई दिल्ली के 'जीरो-टॉलरेंस' (सख्त) रुख को और मजबूती मिलती है। लेकिन, भारत की इस बढ़ी हुई भूमिका का पाकिस्तान पर क्या असर होगा तब उस पर टेरर फाइनेंसिंग से निपटने और संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकी समूहों के फाइनेंशियल नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई में कमियां पाई गई थीं। वैसे तो साथ तय किए गए एक्शन प्लान को पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया था। लेकिन, मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग रोकने के उसके उपायों की प्रभावशीलता को लेकर वह अभी भी अंतरराष्ट्रीय निगरानी में है।

**वाइस प्रेसिडेंट का रोल**वाइस प्रेसिडेंट संगठन के एजेंडे को दिशा देने, प्रेसिडेंट का समर्थन करने और उभरते फाइनेंशियल जोखिमों व नियमों के पालन से जुड़े मामलों में संस्था के काम का समन्वय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि में भारत के प्रतिनिधिमंडल के पूर्व प्रमुख और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया के पूर्व डायरेक्टर के तौर पर अग्रवाल का अनुभव, टेरर फाइनेंसिंग से निपटने की संस्था की कोशिशों को मजबूत करने में मदद करेगा। नेटवर्क से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा कूटनीतिक ध्यान दिया जाएगा। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ की भविष्य की कोई भी कार्रवाई किसी एक देश के रुख के बजाय संस्था के तकनीकी आकलन और सामूहिक फैसलों पर ही निर्भर करेगी।

### भारत की लीडरशिप से कितना पड़ेगा असर

लीडरशिप में भारत की नियुक्ति से नई दिल्ली को पाकिस्तान पर एकतरफा अधिकार या किसी देश को ग्रे लिस्ट में डालने की शक्ति नहीं मिलती है। फैसले सदस्य देशों की ओर से तकनीकी मूल्यांकन और आम सहमति के आधार पर सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। हालांकि, उम्मीद है कि संगठन की लीडरशिप में भारत की मौजूदगी से टेरर फाइनेंसिंग और गैर-कानूनी फाइनेंशियल नेटवर्क से जुड़े मुद्दों पर उसकी आवाज मजबूत होगी। ऐसे मुद्दे जिन पर नई दिल्ली ने पाकिस्तान स्थित समूहों को लेकर बार-बार चिंता जताई है।

**जून से सितंबर के दौरान मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है**

# अल नीनो रोकेगा पाएगा भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार!

## खेती से लेकर महंगाई तक दिखेगा असर, आईएमडी का बड़ा अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पिछले एक दशक में सबसे कठिन मानसून सीजन का सामना कर रहा है। भीषण देशव्यापी हीटवेव ने पहले से ही खेती, पावर ग्रिड और आम जनता के सब्र का कड़ा इम्तिहान लिया है। अब भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उस डर की पुष्टि कर दी है जिससे बाजार घबरा रहा था। प्रशांत महासागर में अल नीनो सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण जून से सितंबर के दौरान मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है।

आंकड़े वाकई चिंताजनक हैं। इस सीजन की बारिश को लॉन्ग पीरियड एवरेज का 90% आंका है। 1 जून से 16 जून के बीच हुई बारिश में पहले ही सामान्य से 35% की कमी देखी जा चुकी है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक कृषि मंत्रालय ने ऐसे एक दर्जन राज्यों की पहचान की है जहां इस कमी का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। पीएलएफएस के डेटा के अनुसार भारत में आज भी लगभग 46% कार्यबल कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। ऐसे में इस स्थिति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। कमजोर मानसून कितना



चिंताजनक यह सोचना आसान हो सकता है कि भारत अब मानसून की चिंताओं से आगे निकल चुका है, क्योंकि जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी घटकर करीब 14-16% रह गई है। लेकिन असली विरोधाभास यहीं है। देश की लगभग आधी आबादी आज भी उस क्षेत्र पर निर्भर है, जो राष्ट्रीय उत्पादन का केवल छठा हिस्सा पैदा करता है। यही वजह है कि मानसून खराब होने पर ग्रामीण आय और उपभोक्ता धारणा को जीडीपी के आंकड़ों से कहीं ज्यादा चोट पहुंचती है।

इसके अलावा, भारत की महंगाई की गणना में खाद्य पदार्थों का हिस्सा लगभग 37% है। इसलिए अनाज या सब्जियों की कीमतों में थोड़ा सा भी उछाल देश की रिटेल महंगाई को तेजी से बढ़ा देता है, और बारिश इसमें सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट होती है।

अगर देश के मुख्य अनाज उत्पादक बेल्ट (पंजाब-हरियाणा) में जुलाई और अगस्त के मुख्य बुआई वाले महीनों में सूखा रहता है, तो पूरी कहानी बदल सकती है।

### राहत या आफत

एक्सपर्ट के अनुसार इस बार अल नीनो का असर उतना गंभीर नहीं होगा जितना पहले हुआ करता था। कई ढांचागत बदलावों ने खराब मानसून और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सीधे संबंध को कमजोर कर दिया है। बेहतर सिंचाई व्यवस्था, फसलों का विविधीकरण, एमएसपी का सपोर्ट, डायरेक्ट कैश ट्रांसफर और गैर-कृषि ग्रामीण आय बढ़ने से ग्रामीण मांग अब मौसमी झटकों को झेलने में सक्षम है। इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 के अनुसार, अब भारत के कुल बुआई क्षेत्र का लगभग 55% हिस्सा सिंचाई के दायरे में आ चुका है, जो एक दशक पहले महज 49.3% था। यानी देश की आधी से अधिक खेती अब सिर्फ मानसून के भरोसे नहीं है। अल नीनो के कारण देश की अर्थव्यवस्था को कुछ नुकसान तो होगा लेकिन उतना नहीं जितना एक दशक पहले होता था। बफर स्टॉक, बेहतर सिंचाई, एमएसपी और कैश ट्रांसफर योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत शॉक एब्जॉर्बर दिए हैं। लेकिन भौगोलिक स्थिति बहुत मायने रखती है।

# स्वामीनॉमिक्स: महासंकट जो टल गया!

## ट्रंप के फैसले और चीन की मंदी ने भारत को बचा लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी के अंत में ईरान के खिलाफ युद्ध की शुरुआत की, तो विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने एक संभावित महाविनाश की चेतावनी दी थी। ऊर्जा विशेषज्ञों ने क्रूड और रिफाइंड प्रोडक्ट्स (पेट्रोल, विमान ईंधन, डीजल) की भारी किल्लत की भविष्यवाणी की थी, क्योंकि वैश्विक निर्यात में खाड़ी देशों की हिस्सेदारी 20% थी।

खाद्य विशेषज्ञों ने किसानों और भूखे बच्चों के लिए एक बड़े संकट का अनुमान लगाया था क्योंकि यूरिया की कीमतें 450 डॉलर प्रति टन से दोगुनी होकर 900 डॉलर प्रति टन हो गई थीं। इससे वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न की कमी और ऊंची कीमतों का खतरा पैदा हो गया था। औद्योगिक विशेषज्ञों ने एल्युमीनियम, पेट्रोकेमिकल्स, हीलियम और प्लास्टिक के वैश्विक निर्यात में खाड़ी देशों की बड़ी हिस्सेदारी को रेखांकित किया, जो खाड़ी



के यातायात ठप होने के कारण पूरी तरह रुक गया था।

**लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ:** महासंकट का खतरा मंडरा रहा था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। वैश्विक अर्थव्यवस्था बच गई, हालांकि छह सप्ताह के शुरुआती अनुमान के मुकाबले यह युद्ध साढ़े तीन महीने तक चला। एक समझौता ज्ञापन (स्र्भ) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, लेकिन इसके क्रियान्वयन में मुश्किलें आती रहेंगी। छोटे स्तर पर शत्रुता फिर से उभर सकती है, लेकिन अब किसी को महाविनाश का डर नहीं है। दुनिया और भारत ने आश्चर्यजनक रूप से लचीलापन दिखाया। कमी को नियंत्रित करने के लिए सभी देशों में तेल के आपातकालीन भंडारों का उपयोग किया गया। दुनिया भर की सरकारों ने युद्ध को एक अस्थायी झटके के रूप में देखा जिससे इन्वेंट्री का उपयोग करके, अस्थायी ऊर्जा सब्सिडी देकर और व्यापक बजटीय घाटे के माध्यम से निपटा जा सकता था। अगर युद्ध छह महीने तक चलता तो ये नीतियां विनाशकारी साबित हो सकती थीं। लेकिन कम समय के युद्ध की योजना बनाने में सरकारें सही (या भाग्यशाली) साबित हुईं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित मदद चीन की सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से मिली। आधिकारिक चीनी आंकड़े 2026 की पहली तिमाही में 5% की अच्छी वृद्धि का दावा करते हैं। लेकिन खुदरा बिक्री एक बहुत अलग कहानी बयां करती है, जिसमें अप्रैल में 0.2% से अधिक की वृद्धि नहीं हुई और मई में वास्तव में 0.6% की गिरावट देखी गई। चीन की तेल खपत में इस साल 4.9% की गिरावट का अनुमान है, जो उसकी सुस्त अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

### वैश्विक मंदी की चेतावनी

अर्थशास्त्रियों ने भविष्यवाणी की थी कि अगर युद्ध जारी रहा तो वैश्विक मंदी आ जाएगी। किल्लत के कारण बढ़ने वाली कीमतें वैश्विक स्तर पर क्रय शक्ति (परचेजिंग पावर) को कुचल देंगी। अर्थव्यवस्थाओं के धीमे होने से दुनिया भर में सरकारों का खर्च टैक्स रेवेन्यू घटने के कारण प्रभावित होगा, जबकि वे सब्सिडी बढ़ाने के लिए मजबूर महसूस करेंगी। राजकोषीय घाटे बढ़ेंगे और उनके साथ ब्याज दरें भी बढ़ेंगी। व्यापार घाटा बढ़ेगा, मुद्राएं कमजोर होंगी और सबसे गरीब देश इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। ट्रंप को एक त्वरित यानी जल्दी खत्म होने वाले युद्ध की आवश्यकता थी ताकि तेल की कीमतें युद्ध-पूर्व स्तर पर लौट आएं और उस महंगाई से बचा जा सके जिसके कारण नवंबर में होने वाले अमेरिकी कांग्रेस के मध्यावधि चुनावों में उनकी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ता।

# पेट्रोल-डीजल सस्ता होने की उम्मीद बढ़ी, मंत्री ने बताई कीमत घटने की वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों ने वैश्विक तेल बाजार को प्रभावित किया है। ऐसे माहौल में भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर आम लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल बाजार में भारी अस्थिरता के बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वास्तविक रूप से कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं हुई है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं।

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कई बार एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। उनके अनुसार नवंबर 2021, मई 2022 और हाल के समय में केंद्र सरकार द्वारा किए गए टैक्स कटौती के फैसलों के कारण सरकार पेट्रोल और डीजल पर प्रति लीटर लगभग 10 रुपये का अतिरिक्त भार खुद वहन कर रही है। इसका सीधा फायदा आम उपभोक्ताओं को मिला है।

उन्होंने बताया कि अगर दुनिया के अन्य देशों से तुलना



की जाए तो भारत में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी काफी सीमित रही है। पुरी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में जापान के बाद भारत उन देशों में शामिल है, जहां पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में सबसे कम वृद्धि हुई है। उनका कहना था कि 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वास्तविक तौर पर कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण तेल विपणन कंपनियों को प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बावजूद सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि इस अतिरिक्त बोझ को सीधे उपभोक्ताओं पर न डाला जाए। यही कारण है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के बावजूद देश में ईंधन की कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं।

हरदीप पुरी ने संकेत दिया कि आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल तेल कंपनियों के पास पहले खरीदा गया महंगा कच्चा तेल मौजूद है। जैसे-जैसे कम कीमत पर खरीदा गया नया कच्चा तेल रिफाइनरियों तक पहुंचेगा, वैसे-वैसे ईंधन की कीमतों में कमी आने की संभावना बढ़ सकती है। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश और खास रूप से सोनभद्र जिले के विकास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र अब पिछड़े जिले की पहचान से बाहर निकलकर एक मॉडल जिले के रूप में उभर रहा है।

# किरायेदार से खाली कराई दुकान, बदले में दी नई प्रॉपर्टी

## उसे बेचने पर मिला इनकम टैक्स नोटिस, आईटीएटी ने दी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के एक मामले में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण मुंबई ने किरायेदारों के लिए एक अहम फैसला सुनाया है। अगर कोई किरायेदार अपनी पुरानी किरायेदारी का अधिकार छोड़ने के बदले नया फ्लैट या दुकान हासिल करता है, तो उसे मुफ्त में मिली संपत्ति नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में टैक्स की गणना करते समय उस नई संपत्ति की खरीद लागत को शून्य नहीं माना जाएगा। मुंबई में रहने वाले घनश्याम एक दुकान में किरायेदार थे। साल 2007 में बिल्डिंग के पुनर्विकास के दौरान मकान मालिक ने उनसे किरायेदारी का अधिकार छोड़ने को कहा। इसके बदले उन्हें उसी प्रोजेक्ट में एक




नई मालिकाना दुकान देने का वादा किया गया। साल 2010 में पुनर्विकास पूरा हुआ और घनश्याम को नई दुकान मिल गई। इसके बाद उन्होंने सितंबर 2010 में इस दुकान को 38.62 लाख रुपये में बेच दिया। लेकिन जब उन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया तो इस बिक्री से हुए कैपिटल गेन की जानकारी नहीं दी। इसके बाद इनकम टैक्स विभाग ने उनसे इस बारे में जवाब मांगा। आयकर विभाग का तर्क था कि घनश्याम ने नई दुकान खरीदने के लिए कोई पैसा खर्च नहीं किया था। इसलिए विभाग ने कहा कि इस संपत्ति की लागत शून्य मानी जानी चाहिए और पूरी 38.62 लाख रुपये की बिक्री राशि पर टैक्स लगाया जाना चाहिए। घनश्याम का कहना था कि उन्हें दुकान मुफ्त में नहीं मिली है।

# चीन की नई चाल से भारत के मिशन पर खतरा, अरबों रुपये के सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स पर लगेगा ब्रेक?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत जहां एक तरफ खुद को ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब बनाने के लिए 'चिपसेट मिशन' और भारी-भरकम स्कीम्स' के सहारे आगे बढ़ रहा है, वहीं चीन के एक कदम ने भारतीय टेक और इलेक्ट्रॉनिक्स जगत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति के बीच, चीन ने अब इंडियम धातु के निर्यात की कड़े स्तर पर जांच शुरू कर दी है। इंडियम वही दुर्लभ धातु है, जिसके बिना एआई डेटा सेंटरों के लिए सुपर-फास्ट ऑप्टिकल चिप्स और हाई-एंड डिस्प्ले स्क्रीन बनाना नामुमकिन है। पूरी दुनिया के कुल इंडियम उत्पादन का लगभग 70% हिस्सा अकेले चीन से आता है। यह मुख्य रूप से जिंक (जस्ता) रिफाइनिंग के दौरान निकलने वाला एक सह-उत्पाद (बाय प्रोडक्ट) है। वैसे तो इसका उपयोग डिस्प्ले स्क्रीन और सोल्डरिंग में होता है, लेकिन यह इंडियम फॉस्फाइड बनाने के लिए सबसे जरूरी कच्चा माल भी है। इंडियम फॉस्फाइड का इस्तेमाल एआई डेटा सेंटरों के लिए सुपर-फास्ट ऑप्टिकल चिप्स



बनाने में किया जाता है। हालांकि इंडियम मेटल अभी आधिकारिक रूप से पाबंदी की सूची में नहीं है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय खरीदारों ने चीनी कस्टम विभाग की ओर से अचानक बढ़े कड़े रवैये की पुष्टि की है: पहली बार इस साल एक यूरोपीय खरीदार से उसके एंड-यूजर (यानी वह धातु आखिरी में किस कंपनी और देश द्वारा इस्तेमाल की जाएगी) की पूरी जानकारी मांगी गई है। एक बड़े अमेरिकी खरीदार ने बताया कि कस्टम विभाग से मिलने वाली मंजूरी जो पहले उसी दिन मिल जाती थी, अब कागजी कार्रवाई की कड़ी जांच के कारण उसमें कई दिनों का समय लग रहा है।

भारत के लिए चिंता का विषय क्यों

भारत अभी अपनी रिफाइनिंग और चिप मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं विकसित कर रहा है। इसलिए कच्चे माल और क्रिटिकल मिनरल्स के लिए भारतीय सप्लाई चेन काफी हद तक वैश्विक बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में चीन की यह ढकी-छिपी सख्ती भारतीय सेमीकंडक्टर और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक नया चोकपॉइंट यानी अवरोध बन सकती है।

भारत इस समय तेजी से अपने 5त्व/6त्व इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई डेटा सेंटर्स का विस्तार कर रहा है। टाटा और फॉक्सकॉन जैसी दिग्गज कंपनियां भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगा रही हैं। ये प्रोजेक्ट अरबों रुपये के हैं। अगर मूल धातु 'इंडियम' पर भी चीन पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, तो भारत के अपकमिंग चिप प्लांट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और सोलर पैनल उद्योगों के लिए कच्चे माल की लागत आसमान छू सकती है।

### तकनीक की दुनिया में हड़कंप

बीजिंग ने फरवरी 2025 में ही इंडियम फॉस्फाइड को अपनी निर्यात नियंत्रण सूची में डाल दिया था। यह पाबंदी अगली पीढ़ी के डेटा सेंटरों के लिए इतनी बड़ी बाधा बन चुकी है कि एनवीडिया समर्थित दिग्गज चिपमेकर कंपनी कोहेरेंट के सीईओ को इस मुद्दे को उठाने के लिए मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बीजिंग की यात्रा करनी पड़ी थी। कीमतें लगभग 250% बढ़कर 1400 डॉलर से सीधे 5000 डॉलर प्रति वेफर पर पहुंच चुकी हैं। इसलिए अब मूल धातु यानी इंडियम मेटल पर बढ़ती चीनी कस्टम की सख्ती ने टेक कंपनियों की चिंता को चरम पर पहुंचा दिया है।

## बेटिकट यात्री सावधान, जनरल टिकट लेकर स्लीपर क्लास में चढ़ेंगे तो लगेगी दूनी पेनाल्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में भागलपुर के रहने वाला विजय दिल्ली की एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। उन्हें जब गांव जाना हो तो ट्रेन के रिजर्व क्लास में शायद ही कंफर्म टिकट मिल पाता है। इसलिए वह घर जाने के लिए जनरल या प्लेटफॉर्म टिकट ले कर स्लीपर डिब्बे में बैठ जाता है। जब टीटी आता है तो पेनाल्टी भर कर टिकट बनवा लेता है। ऐसे यात्रियों को अब दूनी पेनाल्टी भरनी होगी। केंद्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में संसद से पारित कराया था। इसी कानून में अन्य प्रावधानों के साथ साथ ट्रेन में वैलिड टिकट के साथ यात्रा नहीं करने वालों के लिए पेनाल्टी की दर दूनी करने की बात थी। मतलब कि यदि कोई यात्री जनरल टिकट या प्लेटफार्म टिकट लेकर स्लीपर या एसी क्लास में यात्रा करता है तो उनके लिए जुर्माने की रकम दूनी हो गई है। इसी कानून को रेलवे बोर्ड ने बिना कोई प्रेस कांफ्रेंस किए, 20 जून 2026 से चुपके से पूरे देश में लागू कर दिया। पहले इसके लिए 250 रुपये की पेनाल्टी का प्रावधान था। इसे अब बढ़ा कर 500 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह कई अन्य तरह के जुर्माने का प्रावधान भी इस कानून में है। जन विश्वास कानून 2026 लागू होने के साथ ही ट्रेन में बेटिकट यात्रा करने पर लगने वाले न्यूनतम जुर्माने की रकम 250 से बढ़ाकर 500 रुपये हो गई। प्लेटफॉर्म टिकट या जनरल टिकट लेकर स्लीपर या एसी क्लास में चलने वालों को दूना जुर्माना भरना होगा इसके साथ ही अन्य कई रेलवे अपराधों के लिए भारी जुर्माना लग गया। प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही स्टेशन पर या ट्रेन में बिना रेलवे की अनुमति के फेरी लगा कर सामान बेचने वालों पर 2,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

# 1.55 क्विंटल अफीम के साथ तीन लोगों को पुलिस ने दबोचा

## नगदी सहित मोबाइल एवं बोलेरो बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चौपारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर करीब 1.55 क्विंटल अफीम, सात लाख रुपये नकद, एक बोलेरो वाहन, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार होने में सफल रहा।पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 20 जून की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की ओर से कुछ तस्कर चौपारण क्षेत्र में अफीम की खरीद-बिक्री के लिए आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) अरसमानुल हक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी टीम ने चतरा मोड़ के आगे लोहावर के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान बरही की ओर से आ रही एक सफेद बोलेरो को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने पीछा कर वाहन में सवार दो लोगों को पकड़ लिया।तलाशी के दौरान बोलेरो की बीच वाली सीट से प्लास्टिक में पैक 500-500 रुपये के 14 बंडल, कुल सात लाख रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अफीम खरीदने के लिए अहरी गांव जा रहे थे।

दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने अहरी गांव में छापेमारी की। इस दौरान राहुल कुमार खेरवार के घर से अलग-अलग प्लास्टिक पैकेटों में रखा गया करीब 1.55 क्विंटल अफीम बरामद किया गया। मौके से राहुल कुमार खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी अरविंद कुमार फरार हो गया।

गिरफ्तार आरोपियों में पुना राम (जोधपुर, राजस्थान), रामलाल (राजस्थान) और राहुल कुमार खेरवार (अहरी, चौपारण) शामिल हैं। छापेमारी अभियान में डीएसपी (सीसीआर) अरसमानुल हक, थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुअनि सुबेन्द्र राम, पुअनि श्रवण कुमार पासवान, सअनि बादल कुमार महतो समेत चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



## वज्रपात से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मेघ गर्जन तथा ठनका के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। जिनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में अलग-अलग जगह पर हो रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैरिया चांदपुर गांव के लोग महानंदा नदी में मछली मारने के लिए शनिवार की रात्रि आए थे। मेघ गर्जन तथा ठनका के चपेट में आने से बैरिया चांदपुर निवासी मोहम्मद साबिर (35) पिता मोहम्मद राबुल की मछली मारने के दौरान मौके पर ही मौत हो गई। जबकि झुंड में मछली मार रहे आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोहम्मद अमजद (24), मोहम्मद दिलबर (37), मोहम्मद शमी आलम (30), मोहम्मद फैजान आलम (2 8) मोहम्मद तौसीफ राजा (21) सहित आधा दर्जन से अधिक लोग ठनका के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थिति की नजाकत को देखते हुए परिजनों द्वारा पूर्णिया कटिहार सिलीगुड़ी आदि सहित कई जगहों पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज कर रहे हैं।

# अर्बन बैंक में करोड़ों की राशि गबन का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रेलवे कर्मचारियों की प्रतिष्ठित और एशिया की सबसे बड़ी सहकारी समितियों में शुमार 'दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य व ईस्ट कोस्ट रेलवे को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' (अर्बन बैंक) में एक बार फिर बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। बैंक के पूर्व निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) और मुख्य प्रबंधकों पर सोसाइटी के पैसों से अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए करीब 35 लाख रुपये से अधिक के सामान खरीदने का गंभीर आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024 में जब सोसाइटी को 100 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा हुआ, तब तत्कालीन निदेशक मंडल और शीर्ष अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रख दिया। उन्होंने अपने लिए 29 लाख रुपये के ट्रॉली बैग, 4.80 लाख रुपये के मोबाइल और 1.50 लाख रुपये के लैपटॉप खरीद लिए।

### फॉरेंसिक ऑडिट में खुला राज

सोसाइटी एक्ट के नियमों के अनुसार, निदेशक मंडल में शामिल सदस्य केवल शेयरधारकों (कर्मचारियों) के लिए लाभांश या अन्य सुविधाओं का निर्णय ले सकते हैं। वे नियमों के खिलाफ जाकर अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सोसाइटी के फंड से कोई सेवा या सामग्री नहीं ले सकते।


जुलाई 2024 में हुए चुनाव के बाद सोसाइटी में परिवर्तन पैनल की नई कमेटी सत्ता में आई। नई कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है।

इसको लेकर पिछले 12 वर्षों के वित्तीय लेखा-जोखा की फॉरेंसिक ऑडिट शुरू कराई, जिसके बाद इस पूरे खेल का पदार्फाश हुआ। इस सोसाइटी में रेलवे के तीन जोन के लगभग 1.53 लाख कर्मचारी बतौर शेयरधारक जुड़े हुए हैं।

# मसानजोर इको काटेज प्रोजेक्ट के पुरस्कृत होने से लोगों में हर्ष

## नई दिल्ली में आयोजित समारोह में डीएफओ ने हासिल किया पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




दुमका। पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल टूरिज्म के क्षेत्र में दुमका के वन विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। दुमका वन प्रमंडल के प्रसिद्ध मसानजोर इको काटेज प्रोजेक्ट को प्रतिष्ठित नेशनल स्काच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में दुमका के डीएफओ सात्विक व्यास ने इस सम्मान को हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर दुमका के वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक व्यास ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान पूरी दुमका वन प्रमंडल टीम की कड़ी मेहनत, लगन और विजन का परिणाम है।

मसानजोर में प्रकृति के बीच बने इन इको-काटेज ने पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संजोने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक खास पहचान बनाई है। यह अवार्ड पूरे वन विभाग और राज्य के लिए गौरवपूर्ण व भविष्य के लिए मील का पत्थर है।

## जदयू में निशांत युग की हुई शुरूआत

**पटना।** जदयू की राष्ट्रीय और राज्य परिषद की बैठक में रविवार को तय हो गया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत ही पार्टी की कमान संभालेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा ने दोनों बैठकों में इसकी घोषणा की। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, जदयू विधायक दल के नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और मंत्री अशोक चौधरी ने भी अपने संबोधन में पार्टी की इस लाइन की पुष्टि की। संजय झा ने कहा कि निशांत जदयू का नेतृत्व करने के लिए सक्षम हैं। स्वास्थ्य मंत्री के नाते वे अपनी क्षमता साबित भी कर रहे हैं। हम आशा करते हैं कि वे आने वाले 30-40 वर्षों तक पार्टी का नेतृत्व करेंगे। नीतीश कुमार के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जदयू के सदस्यों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई है। आने वाले दिनों में यह और बढ़े, हम सबको इसका प्रयास करना होगा।

# अंडा खाने से छह मरीजों की बिगड़ी तबियत, कर्मियों में हड़कम्प

## रिम्स के भोजन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) में मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

अस्पताल में भर्ती करीब पांच से छह मरीजों की तबीयत अंडा खाने के बाद अचानक बिगड़ गई, जिससे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मरीजों को पौष्टिक आहार के तहत अंडा परोसा गया था। अंडा खाने के कुछ ही समय बाद कई मरीजों को उल्टी, पेट दर्द और दस्त की शिकायत होने लगी। मरीजों में फूड प्वाइजनिंग जैसे लक्षण दिखाई देने पर उन्हें तत्काल चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया।

घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखी गई। परिजनों का आरोप है कि मरीजों की तबीयत बिगड़ने के बावजूद समय पर पर्याप्त चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि काफी देर तक न तो डॉक्टर मौके पर पहुंचे और न ही पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

मामले को लेकर अस्पताल की भोजन व्यवस्था और कैंटीन संचालन पर भी सवाल उठने लगे हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने भोजन की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि एक ही वार्ड में कई मरीजों के एक साथ बीमार पड़ने के बाद मरीजों ने सामूहिक रूप से रिम्स प्रबंधन को शिकायत पत्र सौंपा।




विरोध स्वरूप मरीजों ने रात का भोजन लेने से भी इनकार कर दिया और खाना वापस कर दिया।इस घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लोगों का कहना है कि जहां मरीज इलाज और स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं, वहीं यदि भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही बरती जाए तो यह मरीजों की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

रिम्स प्रबंधन ने मामले की शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई है।

समिति की रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल भोजन के नमूनों की जांच और मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है।

# रन फॉर योगा कार्यक्रम में उमड़े लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आयुष समिति दुमका द्वारा रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला संयुक्त औषधालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सकों, कर्मचारियों और योग प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में योग से जुड़े संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ह्ययोग है स्वास्थ्य की कुंजीह्व और ह्वन वर्ल्ड, वन हेल्थ, वन योगाह्व जैसे संदेशों के माध्यम से योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और बेहतर जीवनशैली का भी आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बच सकता है।



आयोजकों ने लोगों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को घर-घर तक पहुंचाना रहा।

# चार साइबर ठगों को पुलिस ने दबोचा

## पांच मोबाइल व सात सिम कार्ड बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बिहार के नवादा जिले के चार साइबर ठगी के आरोपितों को साइबर थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के उडनपुर गांव निवासी धर्मराज कुमार सिंह, शाहपुर थाना क्षेत्र के संगमा गांव निवासी सत्यम कुमार सिंह तथा वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव निवासी गौतम कुमार सिंह और राजाराम कुमार सिंह शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी आरोपित आपस में मित्र हैं और मिलकर साइबर ठगी का अवैध कारोबार संचालित करते थे। इनके पास से पांच मोबाइल फोन और सात सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। बरामद सिम कार्डों में से एक के खिलाफ प्रतिबिंब पोर्टल पर पहले से साइबर ठगी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज है। जांच में पता चला कि आरोपित खुद को फर्जी रूप से फ्लिपकार्ट, ब्लूडार्ट, फर्स्ट फ्लाइट और डीटीडीसी जैसी कूरियर कंपनियों का अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते थे। पार्सल या कूरियर डिलीवरी के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे ठगी करते थे।



देवघर में हुई साइबर ठगी की कुछ घटनाओं में भी इनके शामिल होने की जानकारी जांच के दौरान साइबर थाना पुलिस को मिली थी। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि सभी आरोपित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने के लिए देवघर आए हुए हैं और एक होटल में ठहरे हैं। सूचना के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड की जांच तथा पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपित लंबे समय से साइबर अपराध में सक्रिय थे।

# जिले में शांतिपूर्ण माहौल में नीट पुर्नपरीक्षा संपन्न

### चाक चौबंद रही प्रशासनिक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 रविवार को अररिया जिला मुख्यालय स्थित 07 परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था के बीच किया गया।

परीक्षा में कुल 2172 परीक्षार्थियों में 1944 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 228 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से +2 हाई स्कूल अररिया, +2 आजाद एकेडमी अररिया, +2 गर्ल्स हाई स्कूल अररिया एवं +2 महात्मा गांधी स्मारक उच्च विद्यालय अररिया आर एस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित केंद्राधीक्षकों, स्टैटिक दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित परीक्षा कार्य से जुड़े अन्य अधिकारियों ने सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

# आमोत्सव में लोगों की उमड़ी भीड़

## मियांजाकी को देखने फोटो लेने वालों का लगा तांता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के डीएमसी माल में आमोत्सव लगा हुआ है। बहुत अधिक नहीं लेकिन 10 स्टाल लगे थे। इन्हीं में एक स्टाल पर बोर्ड टंगा था इसे छुना मना है। बोर्ड देख लोग आते, कीमत पूछते और फिर आम को उठाने के लिए जैसे ही आगे बढ़ते तभी एक भारी आवाज आती। इसे मत छुओ यह मियांजाकी है। कीमत तीन लाख रुपये प्रति किलो। यानी एक आम की कीमत भी 1200 से 1500 रुपये। धनबाद में पहली बार आमोत्सव का आयोजन हुआ और उसमें भी मियांजाकी, खरीदने की हिम्मत किसी में नहीं थी, लेकिन देखने और उसकी तस्वीर लेने का तांता लगा हुआ था। मियांजाकी का यह क्रेज यहां देखने को मिला।

### तीन लाख रुपये प्रति किलो है कीमत

जापान का यह आम धनबाद के लिए बहुत खास बना हुआ है। मां धरती फाउंडेशन की ओर से इसकी खेती धनबाद में की जा रही है। फाउंडेशन की ओर से इसे पहली बार धनबाद के बाजार में उतारा गया है।

धनबाद में ग्रामीण विकास शाखा और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड सोसाइटी की ओर से पहली बार आयोजित किए गए आमोत्सव में जिले के ग्रामीण इलाकों से आए किसानों ने अपने आमों को यहां प्रदर्शित किया और उसकी बिक्री भी की।

आमोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और उपविकास आयुक्त सन्नी राज ने संयुक्त रूप से किया। उपायुक्त रंजन ने बताया कि इस आयोजन का मकसद धनबाद के आम की बागवानी से जुड़े किसानों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए किया गया है।

उन्होंने कहा कि धनबाद में अभी बहुत अधिक मात्रा में आम की पैदावार नहीं हो रही है, लेकिन योजना है कि मनरेगा के तहत पांच एकड़ में आम के पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि धनबाद के आम को अन्य प्रदेशों में भी भेजने की योजना है। इसके अलावा धनबाद के बाजारों को सुदृढ़ भी किया जाएगा।

टुंडी के मछियारी पंचायत से आई अनीता मरांडी ने बताया कि इस बार आम्रपाली आम बहुत अच्छे हुए हैं। सबसे अधिक भीड़ भी उनके ही स्टाल पर रही। उन्होंने बताया कि टुंडी में आम की सामूहिक खेती की गई है। इस बार बरसात में और अधिक पौधे लगाने की योजना है। उन्होंने बताया कि जो पैदावार हो रही है, उसकी खपत धनबाद में ही है।

# प्रमुख की कुर्सी पर गहराया संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा ।** केवटी प्रखंड के बीडीओ चंद्र मोहन पासवान और प्रमुख जिवछी देवी (पति अशोक पासवान) से जुड़े मामले में आर्थिक अपराध इकाई के सूचक समेत दो लोगों को जेल भेजे जाने के बाद भी प्रमुख को राहत नहीं मिल रही है।

लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपीलीय प्राधिकार, पंचायती राज विभाग, पटना ने तो प्रमुख को पदच्युत करने का आदेश पारित कर दिया है। वित्तीय अनियमितता में प्रखंड प्रमुख और तत्कालीन बीडीओ दोषी पाए गए हैं।ऐसे में लोक प्रहरी सह प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा को पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रखंड प्रमुख को पद से हटाने के लिए लोक प्रहरी, पटना को अनुशंसा करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही तत्कालीन बीडीओ और पंचायत सचिव पर अनुशासनिक कार्रवाई करने और दोषियों से सरकारी राशि की वसूली करने का सख्त आदेश पारित किया है। इस कार्रवाई को 15 दिनों में पूरा कर अवगत कराने को कहा गया है।

बता दें कि इस मामले में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार ने 12 मई 2026 को जांच टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराने का आदेश दिया था। इसमें बीडीओ और प्रखंड प्रमुख के स्पष्टीकरण जवाब को आठ जून 2026 को प्राधिकार को उपलब्ध कराया गया। जिसे प्राधिकार खारिज कर संबंधितों को सरकारी राशि 13 लाख 15 हजार 187 रुपये के दुरुपयोग करने में दोषी घोषित कर दिया।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवींद्रनाथ सिंह चिंटू ने केवटी प्रमुख की संपत्ति की जांच कराने के लिए आर्थिक अपराध इकाई, के अपर पुलिस महानिदेशक से मिलकर पत्र सौंपा है। कहा है कि आर्थिक अपराध इकाई ने केवटी बीडीओ के विरुद्ध कांड संख्या 9/26 दर्ज कर 27 मई को छह ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# अनियंत्रित हाइवा खाई में गिरा, बाल-बाल बचा चालक

## झपकी बनीं कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** थाना क्षेत्र के आमीन पुल के समीप शनिवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां इटखोरी की ओर से चतरा की तरफ जा रहा एक हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर करीब तीस फीट नीचे जा गिरा। इस भीषण हादसे में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि चालक की जान बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात आमीन पुल के समीप चालक को अचानक झपकी आ गई। इस वजह से वाहन पर से उसका नियंत्रण पूरी तरह खो गया और हाईवा सड़क से नीचे सीधे पुल के पास जा गिरा।



हादसे के वक्त हुई जोरदार आवाज को सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

घटना की सूचना मिलते ही गिद्धौर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि लंबी दूरी तक लगातार वाहन चलाने और पर्याप्त आराम न मिलने के कारण ऐसे हादसे अक्सर होते रहते हैं। मामले पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी ने भारी चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

# पोलार्ड ने शतक लगाकर तोड़ा गेल का रिकॉर्ड

## मिचेल ओवन ने खेली 155 रन की पारी, मुंबई को मिली हार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के 5वें मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को वाशिंगटन फ्रीडम ने 30 रन से हरा दिया। इस मैच में मुंबई की फ्रेंचाइजी एमआई न्यूयॉर्क के लिए किरोन पोलार्ड ने तूफानी शतकीय पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। हां, पोलार्ड इस शतकीय पारी के बाद टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर जरूर बने। वहीं वाशिंगटन फ्रीडम के लिए मिचेल ओवन ने गजब की



पारी खेली और उनकी पारी से दम पर ही एमआई न्यूयॉर्क को हार मिली। इस मैच में एमआई न्यूयॉर्क ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद वाशिंगटन फ्रीडम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 245 रन का बड़ा स्कोर बनाया और न्यूयॉर्क को जीत के लिए 246 का टारगेट दिया। इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन बनाए और उसे हार मिली। मिचेल ओवन को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ओवन ने खेली 155 रन की पारी

मिचेल ओवन ने एमआई न्यूयॉर्क के गेंदबाजों की बखिया उधेड़कर इस मैच में रख दी। उन्होंने 68 गेंदों पर 155 रन बनाए और 11 चौके व 13 छक्के इस दौरान लगाए साथ ही उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 227.94 का रहा। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 21 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली जबकि मार्क चैपमैन ने 12 गेंदों पर 23 रन बनाए। एमआई न्यूयॉर्क के लिए ट्रेंट बोल्ट, कार्बिन बॉश, रोमारियो शेफर्ड और कोरी एंडरसन ने एक-एक विकेट लिए।

### भारत की बेटियां बनी चैंपियन

## फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात; 4 साल बाद जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार साल के इंतजार के बाद एफआईएच नेशन्स कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2022 के पहले सीजन में चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम ने 2026 में मेजबान न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया है। इस मुकाबले में भारत के लिए नवनीत




कौर और सुनेलीता टोप्पो ने गोल करते हुए टीम को विजयी लीड दिला दी थी। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने पहले क्वार्टर में ही लीड बना ली थी और नवनीत कौर ने चौथे मिनट और टोप्पो ने 15वें मिनट में ही गोल दाग दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए यह खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया ने खोला खजाना

हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की इस बेहतरीन जीत के बाद कैश प्राइज का ऐलान किया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए हॉकी इंडिया की तरफ से जानकारी दी गई कि हर खिलाड़ी को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर सपोर्ट स्टाफ मेंबर को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की ODI टीम का ऐलान

# कोहली-बुमराह की वापसी





### ● यशस्वी शतक लगाकर भी हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 14 जुलाई से 19 जुलाई तक इंग्लैंड दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके लिए रविवार 21 जून को टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली की इस टीम में वापसी हुई है। जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाकर भी यशस्वी जायसवाल को बाहर होना पड़ा है।

वहीं अफगानिस्तान सीरीज में वनडे इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले हर्ष दुबे और प्रिंस यादव को भी इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। अक्षर पटेल की टीम इंडिया में वापसी हो चुकी है। खास बात यह है कि हार्दिक पंड्या अभी भी फिट नहीं हैं। वहीं हर्षित राणा को भी टीम में चुना गया है। मोहम्मद शमी का नाम एक बार फिर भारतीय टीम में नहीं आया है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (सब्जेक्ट टू फिटनेस), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज का शेड्यूल

| दिन | दिनांक | समय | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| मंगलवार | 14-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | पहला वनडे | एजबेस्टन |
| गुरुवार | 16-जुलाई | शाम 5:30 बजे | दूसरा वनडे | सोफिया गार्डन्स |
| रविवार | 19-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | तीसरा वनडे | लॉर्ड्स |

### वरुण टी20 स्क्वाड से बाहर

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। उस स्क्वाड से वर्ल्ड चैंपियन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती बाहर हो गए हैं। वह अभी इंजरी के बाद बीसीसीआई के सीओई में रिहैबिलिटेशन के आखिरी चरण से गुजर रहे हैं। इसकी जानकारी बोर्ड ने अपनी रिलीज में दी है।

### आयरलैंड के लिए भारतीय टी20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

# फीफा वर्ल्ड कप: पैराग्वे ने 1-0 से दर्ज की जीत

### हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर तुर्किये



**कैलिफोर्निया** । फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में पैराग्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्किये को 1-0 से हराया। सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में इस जीत के साथ पैराग्वे ने टूर्नामेंट के अगले राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, हार के साथ ही तुर्किये का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। मैच का एकमात्र गोल मटियास गैलार्जा ने खेल शुरू होने के सिर्फ 64 सेकंड बाद किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल भी है। गैलार्जा ने करीब 25 मीटर की दूरी से जोरदार शॉट लगाया और तुर्किये के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार गोल दागा। इससे पहले फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड मोरक्को के इस्माइल सैबारी के नाम था, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 70 सेकंड में गोल किया था।

पैराग्वे ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मैच पर अपनी पकड़ बनाई रखी। हालांकि, हाफ टाइम से ठीक पहले टीम को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब मिडफील्डर मिगुएल अल्मिरोन को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। पैराग्वे के मिडफील्डर वर्ल्ड कप के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्हें फीफा के नए अनुशासनात्मक नियम के तहत सजा मिली। अल्मिरोन ने मर्ट मुल्डुर के साथ मुकाबले के दौरान अपना मुंह ढक लिया था और इसी कारण उन्हें रेड कार्ड थमाया गया। वीएआर रिव्यू के बाद इस फैसले को पूरी तरह से सही ठहराया गया और पैराग्वे को पूरा दूसरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

टूर्नामेंट से पहले लाए गए इस नए नियम के तहत, अगर कोई खिलाड़ी मुकाबले के दौरान अपना मुंह ढकता है तो उसे रेड कार्ड दिखाना जरूरी है। यह नियम उस घटना के बाद लाया गया, जब बेनफिका के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी पर आरोप लगा था कि उन्होंने रियल मैड्रिड के खिलाड़ी विनिसियस जूनियर से मुंह छिपाकर भेदभावपूर्ण टिप्पणी की थी। दूसरे हाफ में तुर्किये ने बराबरी का गोल करने के लिए लगातार दबाव बनाया। टीम ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण रखा और कई हमले किए, लेकिन 10 खिलाड़ियों संग खेल रही पैराग्वे की टीम ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया।

# रोहित शर्मा नंबर 1

### ● सचिन-गेल इस स्थान पर ● 196 पारियों के बाद वनडे में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले टॉप-5 ओपनर्स



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच चेन्नई में खेला गया जिसमें भारत को 9 विकेट से जीत मिली। भारत की जीत में प्रसिद्ध कृष्णा की घातक गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी 86 गेंदों पर 110 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रोहित शर्मा ने 69 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली।

**रोहित ने सचिन को छोड़ा पीछे-** रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 79 रन की पारी खेली और वो वनडे में बतौर ओपनर 196 पारियों के बाद सबसे ज्यादा 50 प्लस पारी खेलने वाले बैटर बने। रोहित ने सचिन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने बतौर ओपनर वनडे में 196 पारियों के बाद कुल 70 बार 50 प्लस की पारी खेली थी। इस लिस्ट में सौरव गांगुली तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने ऐसे 64 बार किया था जबकि डेसमन हेंस लिस्ट में चौथे तो वहीं क्रिस गेल पांचवें स्थान पर हैं।

## रूट के टेस्ट में 14 हजार रन

### सचिन तेंदुलकर से 23 पारियां ज्यादा खेल गए अंग्रेज दिग्गज

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार (20 जून) को इंग्लैंड की दूसरी पारी में दिग्गज खिलाड़ी जो रूट ने 2 रन बनाते ही बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया।



वह टेस्ट क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे क्रिकेटर बन गए। उनके अलावा भारत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने यह उपलब्धि हासिल की है। रूट और तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन के रिकॉर्ड का फासला अब दो हजार रन से कम रह गया है। तेंदुलकर के टेस्ट में 15,921 रन हैं। उन्होंने इसके लिए 329 पारियां खेली थीं। वहीं जो रूट ने 14 हजार रन 302 पारियों में पूरे किए। पारी की लिहाज से वह तेंदुलकर से काफी पीछे हैं। तेंदुलकर ने 14 हजार रन सिर्फ 279 पारियों में पूरे कर लिए थे। रूट ने उनसे 23 पारियां ज्यादा लीं।

# वैभव सूर्यवंशी ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

### लिस्ट ए की सबसे तेज हाफ सेंचुरी अब उनके नाम



**नई दिल्ली।** श्रीलंका ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल मैच में इंडिया ए के ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ तबाही मचा दी और अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर पूरा किया। इस टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारत-श्रीलंका के बीच जो मैच खेला गया था उस मुकाबले में वैभव पर श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों ने कमेंट करते हुए कहा था कि ये आईपीएल नहीं है, घर जाओ। अब वैभव ने इसका ऐसा जवाब दिया कि इसे श्रीलंका के खिलाफ याद रखेंगे।

**वैभव ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक-** वैभव ने इस मैच में पहली पारी में बैटिंग करते हुए श्रीलंका ए के खिलाफ अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। इस दौरान उन्होंने यानी अपने 50 रन के दौरान उनके बल्ले से 5 छक्के और 5 चौके भी निकले। वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। वैभव ने मैदान पर आते ही इस मैच में श्रीलंका के गेंदबाजों का टारगेट करना शुरू कर दिया और उनकी ऐसी कुटाई करने लगे कि उनके पास कोई जवाब नहीं दिख रहा था।

### वैभव ने तोड़ा 21 साल पुराना रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट ए में सबसे तेज 11 गेंद पर अर्धशतक लगाते हुए 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने 2005 में श्रीलंकाई खिलाड़ी कौशल्या



वीरारत्ने द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। वीरारत्ने ने बांग्लादेश ए के खिलाफ श्रीलंका ए के लिए खेलते हुए 12 गेंद पर 2005 में अर्धशतक ठोका था। अब 21 साल बाद वैभव सूर्यवंशी (जो उस वक्त पैदा भी नहीं हुए थे) उन्होंने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### लिस्ट ए (50 ओवर वनडे मैच) में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज

| क्रम | गेंदें | खिलाड़ी | मैच | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | वैभव सूर्यवंशी | भारत vs श्रीलंका | 2026 |
| 2 | 12 | कौशल्या वीरारत्ने | श्रीलंका vs बांग्लादेश | 2005 |
| 3 | 15 | एलन होलिओक | सरे vs हैम्पशायर | 1994 |
| 4 | 15 | सलमान बट | WAPDA vs रावलपिंडी रैम्स | 2008 |
| 5 | 15 | परवेज हुसैन इमोन | ढाका डोमिनेटर्स 1ह्य चटगांव चैलेंजर्स | 2025 |
| 6 | 15 | सरफराज खान | मुंबई vs रेस्ट ऑफ इंडिया | 2025 |
| 7 | 16 | एबी डिविलियर्स | साउथ अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज | 2015 |
| 8 | 16 | मैथ्यू फोर्ड | वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड | 2025 |
| 9 | 17 | सनथ जयसूर्या | श्रीलंका बनाम पाकिस्तान | 1996 |
| 10 | 17 | कुशल परेरा | श्रीलंका बनाम पाकिस्तान | 2015 |

# नीरज चुने गए सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट

### पारुल चौधरी को मिला सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट पुरस्कार



नई दिल्ली (एजेंसी)।भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को शनिवार (20 जून) को पहली बार आयोजित भारतीय एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह में साल 2025 के 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और उसके बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि यह सम्मान उनके दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह अलग-अलग पीढ़ियों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में मिला है। चोपड़ा ने कहा, 'यह पुरस्कार मेरे दिल के बहुत नजदीक है। यहां एथलीटों की पुरानी और नयी पीढ़ी मौजूद है। उनके सामने यह पुरस्कार पाकर मैं बहुत खुश हूं।' चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था, जहां 28 साल के इस खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और सत्र की पहली प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे।

### पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

चोपड़ा दोहा से इस समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। वहीं साल की 'सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट' का पुरस्कार पारुल चौधरी को मिला जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं। मशहूर धाविका और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पूर्व डेकाथलीट गुरबचन सिंह रंधावा, राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच बहादुर सिंह चौहान और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को भी यह सम्मान मिला। पहले पुरस्कार समारोह में 10 वर्ग शामिल थे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष और महिला), सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार शामिल हैं।

# गांधी घाट पर गूंजा योग का संदेश, नेवल कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर 01 बिहार नेवल यूनिट एनसीसी के नेवल कैडेट्स ने गंगा तट स्थित गांधी घाट पर उत्साह एवं अनुशासन के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष की वैश्विक थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन एवं आत्मानुशासन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। शांत एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर




है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल रोगों से बचाव करता है, बल्कि जीवन में आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं कार्यक्षमता का भी विकास करता है। कार्यक्रम में 01 बिहार नेवल यूनिट के एएनओ एवं पीआई स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान कैडेट्स का अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा की भावना विशेष रूप से देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन युवाओं को स्वस्थ, सशक्त एवं जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देने के साथ-साथ समाज में योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झंडा मैदान में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा झंडा मैदान में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''वृद्धावस्था के लिए योग'' थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। उपायुक्त ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि नियमित योगाभ्यास तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाने के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जिला प्रशासन ने लोगों से नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं सशक्त गिरिडीह के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## योग भारतीय संस्कृति की अनुपम देन : ज्ञानचंद प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों, अभिभावकों एवं आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ की योग प्रशिक्षिका अनिता कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सदस्य लाल दास चौधरी एवं सदस्या ऋचा प्रिया सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं महर्षि पतंजलि के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अनीता देवी ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनुपम देन है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संयमित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। अपने आशीर्वचन में विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के पीछे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होने के कारण विशेष महत्व रखता है। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की गई, जिसके बाद संपूर्ण विश्व में इस दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कराया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों एवं अभिभावकों की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं उल्लास से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारित समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। अंत में कार्यक्रम को सफल बनाने के निमित्त सभी के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाल कलाकारों ने नाटकों से दिया देशप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उड़ान द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलपमेंट द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), संस्कृति मंत्रालय की साझीदारी में आयोजित 'रंग संस्कार' बाल रंग महोत्सव में नन्हें कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों जैसे विषयों पर आधारित पांच नाटकों एवं एक एकल अभिनय की प्रस्तुति दी गई। आईजीएनसीए के समवेत सभागार में आयोजित इस महोत्सव का



शुभारंभ प्रख्यात रंगकर्मी, लेखिका एवं साहित्यकार श्रीमती मालविका जोशी तथा कलादर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा कंबोज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन उड़ान के निदेशक संजय टुटेजा के मार्गदर्शन एवं संयोजन में किया गया। इस अवसर पर संजय टुटेजा ने बाल रंगमंच कक्षाओं की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता, नेतृत्व कौशल, रचनात्मक सोच और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करता है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से विभिन्न स्थानों पर आयोजित बाल रंगमंच कार्यशालाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों ने इस महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 'वत्सले मातृभूमे' नाटक रहा, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित था। रंगकर्मी योगेश पंवार के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों ने प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त अभिषेक राणा के निर्देशन में प्रस्तुत 'ताजमहल का टेंडर' और 'बाप रे बाप', हिमांशी के निर्देशन में मंचित 'आजादी की कहानी' तथा 'जंगल की पुकार' ने दर्शकों को सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर सोचने के लिए प्रेरित किया। वहीं भाव बंसल द्वारा प्रस्तुत एकल अभिनय 'बढ़ता स्कूल बैग' ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और बच्चों पर बढ़ते शैक्षणिक बोझ को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। महोत्सव के दौरान बच्चों ने अपने सशक्त अभिनय, संवाद अदायगी और मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत, समर्पण और प्रशिक्षण की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी बाल रंगमंच के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया।

# डीएवी कैनरी हिल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, कैनरी हिल, हजारीबाग में योग जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जिले के प्रख्यात योग प्रशिक्षक एवं योग में स्वर्ण पदक विजेता शत्रुंजय कुमार तथा जिला योग एसोसिएशन के राष्ट्रीय रेफरी विकास कुमार ने विशेष रूप से

**योग से स्वस्थ जीवन का संदेश**

भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का आह्वान किया। योग विशेषज्ञों ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने की एक प्रभावी पद्धति है। नियमित योग करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। अंत में सभी के स्वस्थ, सुखी एवं योगमय जीवन की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# लूट सहित अन्य मामलों में 43 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। यह अभियान शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गया। इस कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट में 3, हत्या प्रयास में 4, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 40 लीटर देसी एवं 6 लीटर विदेशी शराब, एक पिकअप, एक बाइक, दाक तसला, 250 किलोग्राम, 500 स्टिकर एवं 2000 खाली जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1237 वाहनों की जांच की गई जिसमें 40500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 39 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिले में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी की व्यापक व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त अधिकारियों से परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन के सतत निगरानी एवं समन्वित प्रयासों के कारण परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। अधिकारियों ने परीक्षा कार्य में लगे



सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के योगदान की सराहना की। जिला अंतर्गत सभी आठ परीक्षा केन्द्रों के कुल 2886 परीक्षार्थियों में से 2655 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए उपस्थित थे, शेष 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा केंद्रों का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नीट यूजी 2026 परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एचई हाई स्कूल, पचंबा हाई स्कूल एवं सर जेसी बोस स्कूल सहित अन्य केंद्रों पर सुरक्षा, प्रवेश जांच, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों एवं अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की शुभकामनाएं भी दीं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई।

# क्रिकेट मैच के दौरान वज्रपात की चपेट में आने युवक की मौत, दर्जनों झुलसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी पंचायत अंतर्गत पतराटोली गांव में रविवार दोपहर करीब तीन बजे हुए अचानक वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दर्जनों युवक घायल हो गए. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार पतराटोली मैदान में पतराटोली एवं लोधमा गांव के युवकों के बीच क्रिकेट मैच खेला जा रहा था. वहीं कुछ युवक मैदान के किनारे पेड़ के नीचे बैठकर मैच देख रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज गर्जना के साथ बादल कड़कने लगे. देखते ही देखते जोरदार वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में कई युवक आ गए। वज्रपात से पतराटोली निवासी 22 वर्षीय प्रेम बाखला गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। वहीं 24 वर्षीय जवाकिम मिंज, 20 वर्षीय अंकित बाखला तथा 18 वर्षीय अंकित बाखला गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके अलावे प्रदीप लिंडा, अर्पण गाड़ी, त्योफिल मिंज, आकाश बाखला, सुमित बाखला, शशी बाखला सहित अन्य कई युवकों को हल्का झटका लगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने एंबुलेंस और वाहन की व्यवस्था होने तक गंभीर रूप से घायल युवकों को पारंपरिक तरीके से गोबर के गड्ढे में रखकर प्राथमिक सहायता देने का प्रयास किया. बाद में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कर्रा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रेम बाखला को मृत घोषित कर दिया।

# सीओ बनकर मधु ने बढ़ाया सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के दम पर हजारीबाग की मधु कुमारी ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल कर राजस्व सेवा में अंचल अधिकारी (सीओ) पद के लिए चयनित होकर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हजारीबाग के हीराबाग निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार



मिथिलेश मिश्र की पुत्री मधु कुमारी मूल रूप से बिहार के बक्सर जिले के सोनवर्षा गांव की रहने वाली हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कार्मल स्कूल, हजारीबाग में हुई। इसके बाद उन्होंने आईसीएसई बोर्ड से मैट्रिक तथा संत जेवियर्स स्कूल, हजारीबाग से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण की। आगे चलकर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

# 1.55 किलो अफीम, 7 लाख नकद सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में एनडीपीएस अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 1.550 किलोग्राम अफीम, 7 लाख रुपये नकद, एक बोलेरो वाहन, एक अपाची मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में तीन अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही से कुछ तस्कर चौपारण क्षेत्र में अफीम की खरीद-बिक्री करने आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) अरमानुल हक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने चतरा मोड़ के आगे लोहावर के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान बरही की ओर से आ रही एक सफ़ेद बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को घेरकर उसमें सवार दो व्यक्तियों पुना राम और रामलाल को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी के दौरान बीच वाली सीट से प्लास्टिक में लपेटकर रखे गये 7 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चौपारण थाना क्षेत्र के अहरी गांव निवासी अरविंद कुमार से अफीम खरीदने जा रहे थे। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अहरी गांव में छापेमारी की। इस दौरान राहुल कुमार खेरवार के घर से अलग-अलग प्लास्टिक पैकेटों में रखी 1.550 किलोग्राम अफीम बरामद की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं आरोपी अरविंद कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, हालांकि उसकी अपाची मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई। इस मामले में चौपारण थाना कांड संख्या 157/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता एवं एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के जोधपुर निवासी पुना राम, बलोतरा निवासी रामलाल तथा हजारीबाग के अहरी गांव निवासी राहुल कुमार खेरवार शामिल हैं। पुलिस ने बरामदगी में 1.550 किलोग्राम अफीम, 7 लाख रुपये नकद, एक बोलेरो वाहन, एक अपाची मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। कार्रवाई में डीएसपी (सीसीआर) अरमानुल हक, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार समेत थाना के कई पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्लस टू हाई स्कूल शिवाजीनगर में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल, शिवाजीनगर परिसर में शनिवार को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमाकांत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों को योग के महत्व पर विस्तार



से जानकारी देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास का भी प्रभावी माध्यम है डॉ. सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियों से बचाव का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शिवाजीनगर अशोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक राज नारायण सिंह, कुंदेश्वर प्रसाद सिंह, ललित कुमार, भाजपा आईटी सेल सह मीडिया संयोजक रोसड़ा विधानसभा नवीन कुमार सिंह, मनीष कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह, उदय जी, सुरेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया। साथ ही योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बना, जिसमें विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# जागरूकता रैली निकाल युवाओं को दिया गया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मादक पदार्थों एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को उपायुक्त रामनिवास यादव के नेतृत्व में शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली झंडा मैदान से शुरू होकर ट्रेंड्स मॉल, सदर अस्पताल, टॉवर चौक और आंबेडकर चौक होते हुए संपन्न हुई रैली में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति संबंधी नारों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप




विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूक रहने तथा ऐसे मामलों की सूचना प्रशासन को देने का आग्रह किया।

